प्रकाशिका - 8
Prakashika - 8

कलिकालसर्वज्ञ आचार्य हेमचन्द्र विरचित

लघ्वर्हन्नीति

(मूल एवं वृत्ति, पाठान्तर, हिन्दी अनुवाद, परिशिष्टादि सहित)

सम्पादक

अशोक कुमार सिंह

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन
॥ विज्ञानमुपास्व ॥
National Mission for Manuscripts

भारत की पाण्डुलिपि सम्पदा के संरक्षण तथा उसमें निहित ज्ञान के प्रचार एवं उपयोग के लिए भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने सन् 2003 में राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मशिान की स्थापना की । मिशन ने इस दायित्व को अनेक कार्यक्रमों के तहत पूरा करने का कार्य आरम्भ किया है। इसी क्रम में अप्रकाशित पाण्डुलिपियों को **प्रकाशिका** नामक सीरीज के अन्तर्गत तीन रूपों में प्रकाशित किया जाता है।

1. प्रतिलपि संस्करण (Facsimile editions)
2. आलोचनात्मक संस्करण (critical editions)
3. अनुवाद एवं व्याख्या सहित आलोचनात्मक संस्करण

कलिकालसर्वज्ञ महान जैनाचार्य श्री हेमचन्द्र (वि॰ सं॰ 1145-1229) द्वारा संस्कृत में प्रणीत एवं स्वोपज्ञ वृत्ति युक्त राजनीति शास्त्र विषयक लघ्वर्हन्नीति को भोगीलाल लहेरचन्द भारतीय संस्कृति मन्दिर, दिल्ली तथा हेमचन्द्राचार्य जैन हस्तप्रत भण्डार, पाटण (गुजरात) में उपलब्ध देश में मात्र चार हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर परिशिष्टों सहित सम्पादन एवं हिन्दी अनुवाद (मूल एवं वृत्ति) विद्वज्जगत् के समक्ष प्रस्तुत है।

प्रस्तुत ग्रन्थ का शीर्षक लघ्वर्हन्नीति है। यह कृति चौलुक्य राजा कुमारपाल के आग्रह पर पूर्वविरचित किन्तु सम्प्रति अनुपलब्ध प्राकृत भाषा निबद्ध समानविषयक विशाल ग्रन्थ अर्हन्नीति शास्त्र से सार ग्रहण कर लिखा गया है। इस कारण आचार्य ने अपनी इस कृति का शीर्षक लघ्वर्हन्नीति और स्रोत ग्रन्थ को वृहदर्हन्नीति शीर्षक से उल्लिखित किया है।

Cover Image :
Adhaidvipa

Courtesy :
Rajasthan Oriental Research Institute
Jodhpur

लघ्वर्हन्नीति

Prakashika Series
No. 8

General Editor
Dipti S. Tripathi

कलिकालसर्वज्ञ आचार्य हेमचन्द्र विरचित

लघ्वर्हन्नीति

(मूल एवं वृत्ति, पाठान्तर, हिन्दी अनुवाद, परिशिष्टादि सहित)

अनुवादक एवं सम्पादक

अशोक कुमार सिंह

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन

नयी दिल्ली

तथा

न्यू भारतीय बुक कॉरपोरेशन

नयी दिल्ली

प्रकाशक :
राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन
11, मानसिंह रोड,
नई दिल्ली-110 001
फोन : 2338 3894; फैक्स : 2307 3387
E-mail: director.namami@nic.in
www.namami.org

सह-प्रकाशक :
न्यू भारतीय बुक कॉरपोरेशन
208, द्वितीय तल, प्रकाशदीप बिल्डिंग,
4735/22, अंसारी रोड, दरिया-गंज,
नई दिल्ली-110002
फोन : 011-23280214, 011-23280209
E-mail : deepaknbbc@yahoo.in

प्रथम संस्करण : 2013

© राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन

ISBN: 978-93-80829-02-9
ISBN: 978-93-80829-17-3

मूल्य : Rs. 350.00

आमुख

भारतीय परम्परा में अनेक ऐसे आचार्य हुए हैं जिन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा एवं ज्ञान के द्वारा अनेक विषय क्षेत्रों को समृद्ध बनाया है। ऐसे ही आचार्यों की परम्परा में आचार्य हेमचन्द्र का नाम अग्रगण्य है। बारहवीं शताब्दी में गुजरात में आविर्भूत हेमचन्द्र, जैन आचार्य थे लेकिन उनका काम किसी मत की परिधि में सीमित नहीं रहा। उन्होंने उस काल में प्रचलित विभिन्न शास्त्रों को अपने लेखन से समृद्ध किया। उनके लेखन की महती विशेषता यह है कि उन्होंने जो शास्त्र-ग्रन्थ लिखे उन पर स्वयं वृत्ति की रचना भी की। यह वैशिष्ट्य संस्कृत एवं प्राकृत साहित्य में अद्वितीय है। व्याकरण के क्षेत्र में सिद्धहेमशब्दानुशासन अष्टाध्यायी की शैली में लिखा गया अति प्रसिद्ध ग्रन्थ है। इसके प्रथम सात अध्यायों में संस्कृत का व्याकरण एवं आठवें अध्याय में प्राकृत का व्याकरण निबद्ध हैं। इस ग्रन्थ पर लघुवृत्ति और वृहद्वृत्ति की रचना भी हेमचन्द्राचार्य ने की है। इसी तरह कोश का निर्माण करने के समय अभिधानचिन्तामणि की वृत्ति भी आचार्य ने स्वयं लिखी है। काव्यशास्त्र एवं छन्दशास्त्र के क्षेत्र में काव्यानुशासन और छन्दोऽनुशासन की रचना करते हुए भी वह वृत्ति लिखना नहीं भूले। दर्शनशास्त्र और योगशास्त्र में उनके दो ग्रन्थ प्रमाणमीमांसा एवं योगशास्त्र सुप्रसिद्ध हैं। इसी क्रम में राजनीतिशास्त्र पर लघ्वर्हन्नीति नामक उनका ग्रन्थ वृत्ति के साथ उपलब्ध होता है। शास्त्र लेखन में वैविध्य उनके ज्ञान एवं मौलिक चिन्तन का साक्षात् प्रमाण है।

ऐसा नहीं है कि हेमचन्द्राचार्य केवल शास्त्रीय ग्रन्थों की रचना में प्रवृत्त हुए अपितु सृजनात्मक साहित्य में भी उनकी उल्लेखनीय कृतियाँ हैं। संस्कृत एवं प्राकृत भाषाओं पर उनका जो समान अधिकार था वह दोनों ही भाषाओं में द्व्याश्रयकाव्य की रचना के द्वारा उन्होंने समालोचकों के समक्ष उपस्थापित किया। त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित एवं स्थविरावलिचरित उनकी अन्य साहित्यिक कृतियाँ हैं। उनके चार स्तोत्र ग्रन्थ भी उपलब्ध होते हैं। आचार्य हेमचन्द्र के बहुआयामी व्यक्तित्व की पृष्ठभूमि को ध्यान में रखना, उनकी कृति के महत्त्व का मूल्यांकन करने के लिए आवश्यक है।

राजनीति शास्त्र का प्रतिपादन अनेक नामों से संस्कृत भाषा में होता रहा है। इसे दंडनीति, अर्थशास्त्र, शस्त्रविद्या, राज्यशास्त्र, राजधर्म, राजनीति, न्यायशास्त्र, नीतिशास्त्र आदि नामों से भी अभिहित किया गया है। इसमें सर्वाधिक प्रचलित और स्वीकृत नाम दंडनीति एवं अर्थशास्त्र हैं। परवर्ती आचार्यों ने नीतिशास्त्र और न्यायशास्त्र शब्दों का भी प्रयोग किया है। इस क्रम में शुक्रनीति का नाम पर्याप्त प्रसिद्ध है। हेमचन्द्राचार्य ने प्रस्तुत रचना का नाम लघ्वर्हन्नीति रखा। इसको पढ़ने से ऐसा प्रतीत होता है कि इसके पूर्व प्राकृत भाषा में निबद्ध नीतिशास्त्र का कोई विशाल ग्रन्थ उपलब्ध रहा होगा। उसी ग्रन्थ से सार ग्रहण कर आचार्य ने लघ्वर्हन्नीति का प्रणयन किया होगा। मूलग्रन्थ का उन्होंने वृहदर्हन्नीति के नाम से उल्लेख किया है। यह ग्रन्थ अभी अनुपलब्ध है। जैन परम्परा में इस विषय पर उपलब्ध दूसरी कृति सोमदेव सूरी का नीतिवाक्यम् है।

वैसे तो राजनीतिक विषय से सम्बद्ध ग्रन्थ होने के कारण इस रचना में राजा के गुणों का वर्णन, युद्ध के प्रकार, युद्ध की नीति, युद्ध के भेद आदि विषयों का वर्णन है ही लेकिन उसके अतिरिक्त व्यवहार अधिकार एवं प्रायश्चित्त अधिकार के माध्यम से सामाजिक एवं नैतिक सन्दर्भों को भी संकलित किया गया है। नीतिसम्पन्न राजा प्रजा के लिये हितकारी और समृद्धि का स्रोत होता है तो नैतिक मूल्यों का पालन करने वाली प्रजा देश की सुदृढ, सर्वांगीण सुखशान्ति का आधार होती है। इसलिए लघ्वर्हन्नीति में चार प्रकरणों में इन समस्त विषयों को समाहित किया गया है।

लघ्वर्हन्नीति का चार पाण्डुलिपियों के आधार पर डॉ० अशोक कुमार सिंह ने सुयोग्य सम्पादन किया है। नीतिशास्त्र के क्षेत्र में भारतीय चिन्तन एवं तत्सम्बन्धी मूल्यों को समझने में यह ग्रन्थ महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। इसके द्वारा भारतीय राजनीतिशास्त्र के विकास को समझने में भी सहायता मिलेगी। संस्कृत साहित्य एवं नीतिशास्त्र के अध्येताओं के समक्ष इस ग्रन्थ को प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन भोगीलाल लहेर चन्द इन्स्टिच्यूट का आभार व्यक्त करता है जिनके वित्तीय अनुदान से सम्पादन एवं अनुवाद की यह परियोजना पूर्ण हो सकी। अप्रकाशित पाण्डुलिपियों को प्रकाश में लाने के लिए मिशन सतत् प्रयत्नशील है एवं भोगीलाल लहेर चन्द इन्स्टिच्यूट जैसी सारस्वत संस्थाओं से भविष्य में भी सहयोग की आशा रखता है। इस ग्रन्थ के शीघ्र एवं सुरुचिपूर्ण प्रकाशन में न्यू भारतीय बुक कॉरपोरेशन के सर्वेसर्वा श्री सुभाष जैन ने जो तत्परता और अभिरुचि दिखलायी है, वह अभिनन्दीय है। आशा है यह ग्रन्थ विद्वानों एवं शोधछात्रों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

दिल्ली
नववर्ष २०१३

दीप्ति शर्मा त्रिपाठी
निदेशक

प्रस्तावना

कलिकाल सर्वज्ञ महान जैनाचार्य श्री हेमचन्द्र (वि० सं० ११४५ - १२२९) द्वारा संस्कृत में प्रणीत एवं स्वोपज्ञ वृत्ति युक्त राजनीति शास्त्र विषयक लघ्वर्हन्नीति का भोगीलाल लहेरचन्द भारतीय संस्कृति मंदिर, दिल्ली तथा हेमचन्द्राचार्य जैन हस्तप्रत भण्डार, पाटण (गुजरात) में उपलब्ध देश में मात्र चार हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर परिशिष्टों सहित सम्पादित रूप व हिन्दी अनुवाद (मूल एवं वृत्ति) विद्वज्जगत् के समक्ष प्रस्तुत है।

गुजरात के धन्धूका में वि० संवत् ११४५ में उत्पन्न श्री हेमचन्द्र मोढवंशीय चाचिग सेठ और पाहिनी की सन्तान थे। इनका बचपन का नाम चाङ्गदेव था। इनकी दीक्षा कोटिक गण में, बज्र शाखा में, चन्द्रगच्छ में श्रीदेवचन्द्रसूरि के समीप वि० सं० ११५० में हुई। इनका गुरु प्रदत्त नाम सोमचन्द्र था। दीक्षा के लगभग सोलह वर्ष पश्चात् ही विक्रम सं० ११६६ में इन्हें आचार्य पद प्रदान किया गया और उनका नाम हेमचन्द्र रख गया। अपने अगाध एवं व्यापक ज्ञान के कारण वे कलिकाल सर्वज्ञ नाम से प्रसिद्ध हुए। गुजरात के चौलुक्य राजाओं सिद्धराज जयसिंह एवं कुमारपाल पर इनका दूरगामी प्रभाव पड़ा। विशेषतः राजा कुमारपाल इनको गुरु मानते थे। इनके प्रतिबोध से उक्त राजा ने सप्त व्यसन त्याग किया एवं अमारि घोषणा के साथ अनेक जनहित के कार्य किये। पूर्व मध्यकाल में सांस्कृतिक उत्थान में इनका महती योगदान रहा। आचार्य हेमचन्द्र और राजा कुमारपाल का जीवन चरित्र पूर्व मध्यकालीन भारत के इतिहास में अद्वितीय स्थान रखता है।

कलिकालसर्वज्ञ ने प्रभूत साहित्य का प्रणयन किया। विविध विषयों पर मूल कृतियों के साथ अपवादस्वरूप एक-दो को छोड़कर सब पर स्वोपज्ञवृत्ति के रूप में विशाल व्याख्या साहित्य की सर्जना भी आप ने की। व्याकरण, कोश, काव्यशास्त्र, छन्दशास्त्र, दर्शन, काव्यसाहित्य, योग, स्तुति एवं स्तोत्र, राजनीतिशास्त्र जैसे विषयों पर बहुमूल्य ग्रन्थ आपने प्रसूत किये। इनकी कृतियों की सूची इस प्रकार है—

(अ) व्याकरण

१. सिद्धहेमशब्दानुशासन–

(१-७ अध्याय संस्कृत व्याकरण)

(८वाँ अध्याय प्राकृत व्याकरण)

स्वोपज्ञवृत्ति – सिद्धहेमलघुवृत्ति

सिद्धहेमबृहद्वृत्ति (तत्त्वप्रकाशिका)

सिद्धहेमबृहन्न्यास(शब्दमहार्णवन्यास) - अपूर्ण सिद्धहेमप्राकृतवृत्ति

लिङ्गानुशासन-सटीक

उणादिगण-विवरण

धातुपारायण-विवरण

(ब) कोश

२. अभिधान-चिन्तामणि

स्वोपज्ञवृत्ति- अभिधान-चिन्तामणि वृत्ति

अभिधान-चिन्तामणि परिशिष्ट

३. अनेकार्थक कोश

४. निघण्टुकोश (वनस्पति विषयक)

५. देशीनाममाला

स्वोपज्ञवृत्ति – देशीनाममाला – वृत्ति

(स) काव्यशास्त्र

६. काव्यानुशासन

स्वोपज्ञवृत्ति – अलङ्कार-चूडामणि

विवेकवृत्ति

(द) छन्दशास्त्र

७. छन्दोऽनुशासन

स्वोपज्ञवृत्ति

छन्दश्चूडामणिवृत्ति

(य) दर्शनशास्त्र

८. प्रमाण-मीमांसा (अपूर्ण)

स्वोपज्ञवृत्ति – वेदाङ्कुश अपरनाम द्विजबदनचपेटा

(र) काव्यसाहित्य

९. द्वयाश्रयकाव्य

(संस्कृत द्वयाश्रयकाव्य)

(प्राकृत द्वयाश्रयकाव्य)

१०. त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित

११. परिशिष्टपर्व अपरनाम स्थविरावलिचरित

(ल) योग

१२. योगशास्त्र

– स्वोपज्ञवृत्ति

(व) स्तुति-स्तोत्र

१३. वीतरागस्तोत्र

१४. अन्ययोगव्यवच्छेदद्वात्रिंशिका

१५. अयोगव्यवच्छेदद्वात्रिंशिका

१६. महादेवस्तोत्र

(श) राजनीतिशास्त्र

१७. लघ्वर्हन्नीति

- संक्षिप्त वृत्ति

इसके अतिरिक्त निम्नलिखित कृतियाँ व व्याख्या साहित्य भी आचार्य हेमचन्द्र की मानी जाती हैं–

कृतियाँ

१८. अर्हन्नाम समुच्चय

१९. नाभेय - नेमिद्विसन्धान काव्य

२०. न्याय बलाबलसूत्र

व्याख्या साहित्य

- सिद्धहेममध्यमवृत्ति
- सिद्धहेमरहस्यवृत्ति

- बलाबलसूत्र (बृहद्वृत्ति)
- बालभाषा - व्याकरणसूत्रवृत्ति

लघ्वर्हन्नीतिशास्त्र का प्रतिपाद्य

कलिकालसर्वज्ञ आचार्य हेमचन्द्र द्वारा ९१८ संस्कृत श्लोकों में विरचित कृति लघ्वर्हन्नीति चार अधिकारों में वर्गीकृत है। इसके चारों अधिकारों का शीर्षक १. भूमिका-भूपालगुणवर्णन, २. युद्ध तथा दण्डनीति, ३. व्यवहार अधिकार और ४. प्रायश्चित्त है। युद्ध तथा दण्डनीति एवं व्यवहार अधिकार में दो और शेष दो अधिकारों – भूपालगुणवर्णन और प्रायश्चित में एक-एक प्रकरण ही है। व्यवहार अधिकार उन्नीस प्रकरणों में वर्गीकृत है। प्रथम प्रकरण में व्यवहार मार्ग का स्वरूप और इसके अठारह भेदों का वर्णन किया गया है। शेष अठारह प्रकरणों में एक-एक विषय का वर्णन है। व्यवहार मार्ग के अठारह भेदों के शीर्षक इस प्रकार हैं – १. ऋणादानस्वरूप, २.सम्भूयोत्थान, ३. देयविधि, ४. दायभाग, ५. सीमा-विवाद, ६. वेतनादान, ७. क्रयेतरानुसन्ताप, ८. स्वामि-भृत्यविवाद, ९. निक्षेप, १०. अस्वामिविक्रय, ११. वाक्पारुष्य, १२. समय-व्यतिक्रम, १३. परस्त्रीग्रहण, १४. द्यूत, १५. स्तैन्य, १६. साहस, १७. दण्डपारुष्य और १८. स्त्री-पुरुषधर्म।

वर्ण्य-विषय की आवश्यकतानुसार आचार्य हेमचन्द्र ने एक विषय के लिये अधिकतम १४५ और न्यूनतम १२ श्लोकों का उपयोग किया है। इस दृष्टि से दायभाग सर्वाधिक विस्तृत (१४५ श्लोक) और सम्भूयोत्थान- प्रकरण, समयव्यतिक्रान्तिप्रकरण और द्यूतप्रकरण लघुतम आकार वाले हैं। इनमें प्रत्येक में श्लोकों की संख्या मात्र बारह है।

लघ्वर्हन्नीति के प्रथम अधिकार 'भूमिकाभूपालादिगुणवर्णन' का आरम्भ मङ्गलाचरण, जिसमें प्रथम तीर्थङ्कर भगवान ऋषभदेव और अन्तिम महावीर स्वामी की स्तुति है तथा ग्रन्थ-निर्माण का प्रयोजन, राजगृह में महावीर आगमन, महावीर के समीप राजाश्रेणिक का आगमन, श्रेणिक का महावीर से प्रश्न और नीतिशास्त्र की उत्पत्ति के वर्णन रूप ग्रन्थ की भूमिका से किया गया है। इसके बाद राजा के छत्तीस गुण, राजा को नीति शिक्षा, राजा के पाँच यज्ञ, राजा को प्रजापालन की शिक्षा, मन्त्री के गुण, मन्त्री को शिक्षा, राजा और मन्त्री के गुणवान होने से राज्य को होने वाले लाभ, अच्छे सेनापति के लक्षण तथा सेनापति को शिक्षा, दूत के लक्षण तथा राज्य के अधिकारियों को सामान्य शिक्षा का निरूपण किया गया है।

दो प्रकरणों–युद्ध एवं दण्डनीति–में वर्गीकृत द्वितीय अधिकार के प्रथम 'युद्ध प्रकरण' का आरम्भ जिन अजितनाथ की स्तुति से किया गया है। राजा और मन्त्री के गुप्त मन्त्रणा स्थल, त्रिविध नीति, षड्-अङ्ग, चतुर्विध साधन, साधन-लक्षण,

युद्ध-काल में दूत का कार्य, युद्ध हेतु प्रस्थान का काल, चातुर्मास में युद्ध-निषेध, युद्ध के समय में राजा द्वारा धारण किये जाने वाले उपकरण, व्यूह-रचना, सेना-निवेश के लिये उपयुक्त स्थल, शत्रु के सम्मुख न आने पर राजा की कार्य-योजना, युद्ध में राजा का व्यवहार, स्थल-विशेष के अनुरूप शस्त्र-चयन, दुर्ग स्थित शत्रु के साथ युद्ध विधि, विजयोपरान्त वीरों को उपहार और विजय के पश्चात् अपने देश वापस आने का वर्णन किया गया है।

द्वितीय अधिकार के द्वितीय 'दण्डनीतिप्रकरण' का आरम्भ जिन सम्भवनाथ की स्तुति से हुआ है। जैन आगम वर्णित सप्तविध दण्डनीति, आरोपी के विरुद्ध वादी का अभियोग प्रस्तुत न होने पर भी प्रजापालन हेतु दण्डनीति के प्रयोग की प्रक्रिया, अपराध व देशकाल के अनुरूप दण्डनीति का प्रयोग, दण्डनीति का विशेष स्वरूप, अन्यायपूर्वक किये गये दण्ड से प्राप्त धन का प्रजाहित में उपयोग, दण्ड प्रदान के दस स्थान, उत्तम दण्ड के लक्षण, अपराध के अनुसार दण्ड और अदण्डनीय व्यक्ति पर प्रकाश डाला गया है।

तृतीय व्यवहाराधिकार के आरम्भ में भगवान अभिनन्दननाथ की स्तुति की गई है। इसमें कुल उन्नीस प्रकरण हैं। पहले व्यवहाराधिकार प्रकरण में व्यवहार का लक्षण, इसके द्विविध और अष्टादशविध भेद, वाद के आठ भेद, सभा में राजा का व्यवहार, वादी के द्वारा प्रदत्त आवेदन का स्वरूप, आवेदन की योग्यता-अयोग्यता का निर्णय, पक्षाभासयुक्त आवेदन सुनवाई के अयोग्य, पक्षाभास के प्रकार एवं स्वरूप, अनेक विषय युक्त आवेदन सुनने का निषेध, अनेक विषय युक्त आवेदन भी सुनने की विशेष स्थितियाँ, अधिकार पत्र के विना स्वयं को स्वजन बताने पर कार्यवाही आदि का वर्णन है।

प्रतिवादी से उत्तर माँगने की विधि, उत्तर देने की अवधि, विशेष प्रकार के वादों में उत्तर देने हेतु समय का निषेध, सुनने योग्य उत्तर के चार रूप, न सुनने योग्य पञ्चविध उत्तर, न्यायाधीश का प्रतिवादी के द्वारा दिये गये उत्तर के विषय में वादी को सूचना, पञ्चविध पक्षहीनता का स्वरूप, वादी द्वारा प्रतिवादी के उत्तर की बातों का खण्डन, प्रतिवादी द्वारा वादी की बातों का पुनः उत्तर, उक्त चारों पत्रों का अवलोकन कर न्यायाधीश एवं सभासदों द्वारा निर्णय करने का निर्देश है।

तत्पश्चात् सभासदों का लक्षण एवं संख्या, साक्षियों का लक्षण, साक्षियों को शपथ दिलाने से लाभ, साक्षियों को मान्य एवं अमान्य करने के आधार, वादियों के साक्ष्य के पश्चात् प्रतिवादियों का साक्ष्य, आत्मीय जनों के साक्ष्य पर आपत्ति, न्यायाधीश एवं सभासदों द्वारा सभी वक्तव्यों पर विचार, असत्य साक्ष्य देने वाले को दण्ड, दोनों पक्षों के साक्षियों के असत्य होने पर राजा का कर्त्तव्य, दोनों पक्षों के साक्षियों के अभाव में राजा के कर्त्तव्य आदि के निर्देश के साथ इस अधिकार को समाप्त किया गया है।

१. ऋणादान प्रकरण

सामान्यतः आवश्यकतानुसार ऋण लेना, सूद देना, ऋणव्यवहार का मूलस्रोत था। कौन सा ऋण देय या अदेय है, ऋण देने व वसूल करने की पद्धति क्या है? इस व्यवस्था से सम्बन्धित प्रकरण ऋणादान प्रकरण कहलाता था। तृतीय अधिकार के इस प्रथम प्रकरण में भगवान सुमतिनाथ की स्तुति के पश्चात् ऋण का लक्षण, ऋणकर्त्ता की अर्हता और ऋण के प्रयोजन, ऋण कर्त्ता से लिया जाने वाला प्रपत्र, वर्ण-विशेष हेतु भिन्न-भिन्न ब्याज दर का प्रावधान, चतुर्विध ब्याज और ऋणी द्वारा धन न लौटाने पर राजा से निवेदन का वर्णन है। साथ ही हिरण्य-धान्य-वस्त्रादि धरोहर रखने, धरोहर रखी गई वस्तु के चोरी होने की स्थिति, पितृकृत ऋण की पुत्रों द्वारा वापसी, नियत अथवा अनियत धरोहर, स्थावर एवं जङ्गम धरोहर, धनी द्वारा विना ऋण दिये ऋणी से प्रपत्र लेना, ऋण का ब्याज, धरोहर रखने पर ब्याज का दर, पशु, वस्त्र आदि को धरोहर रखना, पिता का देय पुत्र द्वारा वापस न करने की स्थिति, स्वामी के कुटुम्बार्थ दास कृत ऋण की वापसी आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया है।

२. सम्भूयोत्थान प्रकरण

सम्भूय का अर्थ संयोग, उत्थान का अर्थ उन्नति। जब अनेक जन या व्यापारी या कलाकार, शिल्पकार एवं अन्य लोग परस्पर मिलकर या साझेदार होकर किसी कार्य को करते थे, तब उसे सम्भूयोत्थान कहते थे। सहकारी आधार पर किया गया कार्य भी सम्भूयोत्थान कहलाता था। सम्भूय उत्थान में प्रत्येक भागीदार बराबर होता है। इस प्रक्रिया से सम्बन्धित विवाद एवं व्यवधान को सम्भूय उत्थान व्यवहार कहते थे। इसमें भगवान पद्मप्रभु की स्तुति के पश्चात्, समवाय के स्वरूप और सदस्यों के हिस्से की स्थिति पर प्रकाश डाला गया है।

३. देय विधि प्रकरण

तृतीय देय प्रकरण में भगवान सुपार्श्व की स्तुति के पश्चात् देय विधि के दो रूप, छः प्रकार के देय पदार्थ, सोलह और नव प्रकार के अदेय तथा देय का स्वरूप वर्णित किया गया है।

४. दाय भाग प्रकरण

चतुर्थ दाय भाग प्रकरण में भगवान चन्द्रप्रभ की स्तुति के बाद दायभाग का स्वरूप, पितामह की सम्पत्ति में भाइयों का भाग, पिता की सम्पत्ति में पुत्रों का भाग, पिता की सम्पत्ति में पुत्रेतर भागीदारों का निर्णय, माता-पिता की सम्पत्ति में माता-पिता की इच्छा की प्रमुखता, पिता द्वारा कृत भाग के अमान्य होने की स्थितियाँ, सम्पत्ति में ज्येष्ठ भाइयों का विशेष अधिकार, पिता की सम्पत्ति में

कन्या-विवाह में व्यय का प्रावधान, पिता के मरणोपरान्त माता का भाग, युगलिया के रूप में उत्पन्न बालकों में ज्येष्ठता, अग्रजा पुत्री से कनिष्ठ पुत्र की ज्येष्ठता, विधवा का अधिकार, विवाहिता पुत्री की मृत्यु के पश्चात् उसकी सम्पत्ति के स्वामित्व का निर्धारण, विभाजनोपरान्त उत्पन्न पुत्र का सम्पत्ति में स्वामित्व, चतुर्वर्ण स्त्रियों के पुत्र से उत्पन्न बालकों का भाग, न्यासी का नामाङ्कन,न्यासी का दोषयुक्त होना, विधवा स्त्रियों द्वारा दत्तक ग्रहण का नियम, दत्तक ग्रहण विधि, जैन सिद्धान्त के अनुसार मान्य प्रमुख पञ्चविध पुत्र, जैनेतर परम्परा में मान्य अष्टविधपुत्रों का लक्षण, सम्पत्ति-प्राप्ति की दृष्टि से सम्बन्धों की वरीयता, सदाचारिणी एवं दुराचारिणी विधवा का सम्पत्ति में भाग, विधवा का सम्पत्ति में भाग, पुत्री के धन पर अधिकार, दीक्षा लेने वाले की सम्पत्ति पर भाइयों का अधिकार, दत्तक का विरुद्ध होना, पितामह की सम्पत्ति में कुटुम्बियों का अधिकार, औरस माता व पितृव्य (चाचा) की सम्पत्ति का स्वामित्व, सास तथा बहू का अधिकार, विधवा की पुत्री को सम्पत्ति का स्वामित्व, अन्यगोत्रियों को सम्पत्ति का अधिकार-निषेध, स्त्री-धन अधिग्रहण, देशकाल के अनुरूप भाग का विभाजन आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया है।

५. सीमा-विवाद

सीमा विवाद का सम्बन्ध जनपद, ग्राम, खेत या गृह की सीमा से था। क्षेत्र के अधिकार को लेकर सेतु (बाँध), केदार (मेंड़) और खेत की सीमा के घटने-बढ़ने के विवाद को क्षेत्रज विवाद कहते थे। सीमा से प्रयोजन दो नगर, दो ग्राम, दो खेत एवं दो गृहों के मध्य एवं मार्ग के किनारे पड़ने वाली उस रेखा, चिह्न, स्थान और वस्तु से होता था जहाँ एक का अधिकार समाप्त होकर दूसरों का प्रारम्भ होता था। तालाब, पुल, जलप्रवाह के स्थान के निर्धारण का विवाद सीमा विवाद प्रकरण में सम्मिलित होता था।

इस प्रकरण में भगवान पुष्पदन्त की स्तुति के बाद सीमा के स्वरूप, पञ्चविध सीमायें, षड्विध सीमा के विवाद, सीमा-विवाद पर न्यायाधीश का कर्त्तव्य, सीमा पर चिह्न बनाना, सीमा-निर्णय हेतु उपयुक्त साक्षी, सेतु तथा कुएँ का सार्वजनिक प्रयोग आदि विषयों का वर्णन है।

६. वेतनादानस्वरूपप्रकरण

भृत्यों (नौकरों) को वेतन देने या न देने के विषय वेतनादान के व्यवहार विषय कहलाते थे। इस प्रकरण के आरम्भ में भगवान शीतलनाथ की स्तुति की गई है। पञ्चविध सेवकों एवं पञ्चविध दासों का लक्षण, दास को मुक्त करने की विधि, दास को दासत्व से मुक्त करवाने के उपाय, भृत्य को वेतन प्रदान करने की

विधि, दोषी भृत्य को दण्ड आदि विषयों का निरूपण इस प्रकरण में किया गया है।

७. क्रयेतरानुसन्ताप प्रकरण

इसका शाब्दिक विश्लेषण है क्रय – खरीदना, इतर अर्थात् क्रय से भिन्न विक्रय – बेचना, अनुशय – पश्चात्ताप करना। क्रय-विक्रय के पश्चात् पश्चात्ताप अर्थात् क्रय के बाद वस्तु लौटा देना, विक्रय के बाद वस्तु न देना, क्रयविक्रयानुशय कहलाता था। चल व अचल दोनों ही प्रकार की सम्पत्ति इस विवाद का विषय होती थी। यदि ग्राहक किसी वस्तु का मूल्य देकर, क्रय करने के बाद उस वस्तु को लेना ठीक नहीं समझता, तो उसका यह आचरण क्रीतानुशय कहलाता था। यदि व्यापारी किसी द्रव्य या पण्य का मूल्य लेकर विक्रय कर देने के बाद भी खरीददार को वह द्रव्य नहीं देता, तो विक्रेता के इस आचरण को विक्रिय सम्प्रदान कहते थे।

क्रयेतरानुसन्ताप प्रकरण का आरम्भ भगवान श्रेयांसनाथ की स्तुति से हुआ है। इसमें क्रय और विक्रय कर क्रेता और विक्रेता अपने सौदों से क्रमशः मूल्य की अधिकता और न्यूनता तथा वस्तु से असन्तुष्ट होकर पश्चात्ताप करते हैं। इससे सम्बन्धित वस्तु-परीक्षा की अधिकतम अवधि, वस्तु वापस करने की विधि, स्वर्ण आदि धातुओं की परीक्षा जैसे विषयों पर विचार किया गया है।

८. स्वामिभृत्यविवाद प्रकरण

पशुस्वामी व पशु चरवाहे के मध्य विवाद, स्वामी व सेवक का विवाद स्वामिभृत्यविवाद प्रकरण की परिधि में आता था। इसमें भगवान वासुपूज्य की स्तुति के बाद दूसरे के खेतों को हानि पहुँचाने वाले पशु मालिक को दण्ड, गोपालक को दण्ड, गोपालक का कर्त्तव्य, गोपालक को वृत्ति, चारागाह का प्रावधान आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया है।

९. निक्षेप प्रकरण

निक्षेप अर्थात् धरोहर, उपनिधि, अमानत आदि। मनुष्य शङ्कारहित होकर, दूसरे पर विश्वास कर, उसके पास अपनी वस्तु, द्रव्य, धरोहर के रूप में रखता था। धरोहर के रूप में रखी वस्तु निक्षेप या उपनिधि कहलाती थी। इस प्रकरण में भगवान विमलनाथ की स्तुति के बाद निक्षेप रखने के कारण, धनवान् द्वारा निक्षेप वापस न करना, निक्षेप का नष्ट होना, निक्षेप का हरण करना, साक्षियों की योग्यता, साक्षियों के प्रकार, साक्षियों के सामान्य गुण आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया है।

१०. अस्वामिविक्रय प्रकरण

सामान्यतः धरोहर में रखी या चुराई सम्पत्ति को, वस्तु के वास्तविक स्वामी के परोक्ष में विक्रय करना अस्वामिविक्रय कहलाता था। मुद्राङ्कित या मुद्रारहित निक्षेप, दूसरे की चोरी की गई वस्तु, उत्सव के निमित्त ली गई वस्तु, किसी की छूटी हुई वस्तु या प्रतिभूति को गुप्त रूप में विक्रय करना अस्वामिविक्रय माना गया है। दूसरे के धन का गुप्तरूप में दान देना भी इसी प्रकार के अपराध की श्रेणी में माना जाता था।

इस प्रकरण में भगवान अनन्तनाथ की स्तुति के बाद स्वामी की आज्ञा के विना विक्रय, अल्प मूल्य में निर्धन से बहुमूल्य वस्तु लेने का दण्ड, अपनी आज्ञा के विना विक्रय की गई वस्तु को दूसरे के हाथ में पाना, विना स्वामित्व वाले धन का उपयोग जैसे विषयों का वर्णन किया गया है।

११. वाक्पारुष्य प्रकरण

इस प्रकरण में भगवान धर्मनाथ की स्तुति करते हुये वाक्पारुष्य का लक्षण, प्रयोग में न लाने वाले वचन, चतुर्वर्ण के मनुष्यों द्वारा भिन्न-भिन्न वर्णों के साथ कटु वचन पर दण्ड, उपदेशक के अधिकार का उल्लङ्घन करने पर दण्ड, विकल अङ्ग को लक्ष्यकर लोगों को काना, बहरा, लूला कहने वाले को दण्ड आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया है।

१२. समय-व्यतिक्रान्ति प्रकरण

श्रेणियों, निगमों व पूगों के नियम समय या संविद रूप हैं। मनु, याज्ञवल्क्य ने इसे संविद व्यतिक्रम, बृहस्पति ने समयातिक्रम एवं कौटिल्य ने सम्यानपाकर्म आदि शीर्षक से इसका उल्लेख किया है।

नियत की हुई व्यवस्था का नाम संविद या समय है। उसका उल्लङ्घन व्यतिक्रम माना जाता था। अनेक लोगों द्वारा किसी विशिष्ट नियम या रूढ़ि या परम्परा को स्वीकार करना संविद होता था। यह परम्परा दल के सम्पूर्ण सदस्यों को एकता के सूत्र में बाँधे रखती थी। इनका अनुकरण अनिवार्य था। बारहवें समय-व्यतिक्रान्ति प्रकरण में भगवान शान्तिनाथ की स्तुति करते हुये समयधर्म का लक्षण, समयधर्म के उल्लङ्घन पर दण्ड, साधारण द्रव्य हरण करने वाले को दण्ड, हितवादियों का वचन मानने की आवश्यकता पर बल, सभामण्डल का कर्त्तव्य, समुदाय के हितचिन्तकों का लक्षण, पृथक्-पृथक् व्यवसायियों का संरक्षण आदि विषयों का निर्देश किया गया है।

१३. स्त्रीग्रह प्रकरण

कामवासना के वशीभूत होकर किसी नारी का पर-पुरुष के साथ संयोग या

पुरुष का नर-नारी के साथ मिलन स्त्रीसंग्रह कहलाता था। नारी की ओर देखकर हँसना, स्त्री का मुख चूमना, स्त्री-प्राप्ति की कामना करना, बिना कारण स्त्री का स्पर्श करना आदि स्त्रीसंग्रह अपराध माना जाता था। इस प्रकरण में भगवान कुन्थुनाथ की स्तुति करते हुये व्यभिचार-अनियन्त्रण से राज्य को हानि, परस्त्री के साथ राजमार्ग में वार्तालाप-दोष, ब्राह्मणी स्त्री के साथ तीन वर्णों के पुरुषों द्वारा सम्भोग पर दण्ड, कई स्त्रियों के साथ वार्तालाप की अदोषता, भिन्न-भिन्न वर्णों के पुरुषों और स्त्रियों में परस्पर सम्बन्ध पर दण्ड, स्त्री-शरीर की अशुचिता, पर-स्त्री-त्याग का उपदेश आदि विषयों का निरूपण है।

१४. द्यूत प्रकरण

द्यूत को सर्वव्यसनों का नायक बताया गया है। जिन अरनाथ की स्तुति के बाद द्यूत के प्रकार, द्यूत-स्थल का स्वरूप, द्यूत में जीतने और हारने वाले के मध्य विवाद, द्यूत-स्थल के स्वामी के कर्त्तव्य आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया है।

१५. स्तैन्य प्रकरण

परद्रव्य-हरण, परोक्ष या प्रत्यक्ष, दिन या रात्रि में, जब भी होता था तो इसे स्तेय कहते थे। सोते हुए, असावधानीवश उन्मत्तावस्था में धन का अपहरण हो जाना भी स्तेय था। पन्द्रहवें स्तैन्य प्रकरण में जिन मल्लिनाथ की स्तुति के बाद राजधर्म का स्वरूप, राजधर्म के सम्यक् पालन से राजा को लाभ और इसके अभाव में हानि, चोरी करने, स्वजनों के धर्म-भ्रष्ट होने और चोर आदि को आश्रय देने पर दण्ड, अपराध करने पर दोषी न गिने जाने वाले व्यक्ति आदि का वर्णन किया गया है।

१६. साहसप्रकरण

साहस प्रकरण के अन्तर्गत लूट, हत्या, डकैती, बलात्कार जैसे अपराधों की गणना होती थी। ऐसा कर्म जो दूसरों को उत्पीड़ित करने के प्रयोजन से किया जाये, साहस कहलाता था। बल व हिंसा के प्रयोग से किया गया कार्य साहस था। सब लोगों के सम्मुख बल के अभिधान से किया गया अपहरण साहस होता था।

इस प्रकरण में भगवान मुनि सुव्रत की स्तुति के बाद साहस कर्म– अपराध का लक्षण, अपराध की तीन कोटियों–न्यून, मध्यम और उत्तम कर्म – का स्वरूप, अनेक विध साहस कर्म और उनके आचरण पर दण्ड, नकली माप-तोल पर दण्ड, वैद्य न होते हुए भी चिकित्सा, नकली से असली वस्तुओं को बदलना आदि विषयों का निरूपण किया गया है।

१७. दण्डपारुष्यप्रकरण

दूसरे के शरीर या किसी अङ्ग पर आयुध से प्रहार करना, शरीर पर अग्नि,

राख, धूल, मल-मूत्र फेंकना, दूसरों को विकलाङ्ग करना, हिंसा करना, लड़ाई-झगड़ा, मारपीट, लाठी-रस्सी से पीटना, बाँधना, वन-उपवन नष्ट करना, आत्महत्या करना, पशु-पक्षी की हिंसा करना, दूसरों पर ढेला फेंकना या किसी भी प्रकार पीड़ा पहुँचाना, पत्थर आदि फेंकना दण्डपारुष्य कहलाता था। यह कृत्य अपने में घोर अपराध था। भ्रूण-हत्या एवं मनुष्य की बलि देने वाले को भी दण्डपारुष्य का अपराधी समझा जाता था।

दण्ड पारुष्य प्रकरण में भगवान नमिनाथ की स्तुति के बाद ब्राह्मण तथा क्षत्रिय आसन पर बैठने पर वैश्य-शूद्र को, हत्या का षडयन्त्र और वस्तुओं को नष्ट करने वाले, दुर्घटना करने पर वाहन चालक के दण्डित न होने की स्थिति, वाहन चालक के अज्ञानी होने पर दोषी कौन और वाहन दुर्घटना से क्षति हेतु चालक को मिलने वाले दण्ड का निरूपण है।

१८. स्त्री-पुरुष धर्मप्रकरण

अठारहवें स्त्री-पुरुष धर्म प्रकरण में भगवान नेमनाथ की स्तुति के बाद मुख्यतः स्त्री द्वारा पति को देवरूप मानने और पुरुष को स्त्री का रक्षक होने का निर्देश, ऋतुवती स्त्री का धर्म, पुरुष का कर्त्तव्य सन्तानोत्पत्ति, परस्त्री-त्याग, स्त्री द्वारा कुसङ्ग-त्याग, स्त्री के एकाकी गमन एवं स्त्री-मलोत्सर्ग हेतु निषिद्ध स्थलों का निर्देश है। स्त्री के प्रति पुरुष के कर्त्तव्यों में ऋतुवती स्त्री का स्पर्श-त्याग, पुरुष के लिये रात्रि-भोजन-निषेध, पाँच स्थितियों में स्नान की आवश्यकता और पुरुष का दिन सम्बन्धी कर्त्तव्य निरूपित है।

४. चतुर्थ अधिकार के एकमात्र प्रायश्चित्त अधिकार में भगवान पार्श्वनाथ की स्तुति के बाद मातङ्ग आदि के स्पर्श सहित भोजन, अठारह वर्णों का भोजन, ब्रह्महत्यादि पाप, अन्य वर्णों द्वारा शूद्र के साथ अन्न-पानी का व्यवहार, मिथ्यादृष्टि शूद्रों द्वारा स्पर्शित भोजन, पुत्री, माता, चाण्डाली के साथ सम्भोग, जघन्य अपराध करने वालों का अन्न-ग्रहण, भोजन हेतु वर्जित गोत्र में भोजन, मलेच्छ देश में वास आदि करने वालों को अपनी शुद्धि हेतु क्या प्रायश्चित्त करना चाहिये इसका निर्देश है।

लघ्वर्हन्नीति के प्रकरणों का पौर्वापर्य

लघ्वर्हन्नीति के प्रकरणों का क्रम-निर्धारण तार्किक सङ्गति के आधार पर किया गया है और वृत्ति में आचार्य हेमचन्द्र ने प्रत्येक प्रकरण के आरम्भ में इस तथ्य का स्पष्ट शब्दों में उल्लेख किया है। भूमिकाभूपाल- गुणवर्णन अधिकार के आरम्भ में कहा गया है — उपयोगी होने के कारण ग्रन्थ के प्रारम्भ में राजा तथा मन्त्री के गुणों को सूचित कर उन राजा तथा मन्त्री की ही कुछ शिक्षाओं का कथन करेंगे —

तत्रादावुपयोगित्वान्नृपाणां मन्त्रिणां गुणाः।
प्रकाश्य च तथा तेषामेव शिक्षाश्च काश्चन।।१-२४।।

द्वितीय अधिकार के आरम्भ में कहा गया है राजा का प्रमुख कर्त्तव्य नीति का क्रियान्वयन है अतः उसका कथन किया जाता है –

नीतिप्रवर्तनं कृत्यं भूपालस्य तदुच्यते।।२.१.२।।

युद्ध, दण्ड तथा व्यवहार रूप से नीति तीन प्रकार की कही गई है। प्रथम नीति (युद्ध) को अवसरानुकूल, मध्य (दण्ड) और अन्तिम (व्यवहार) नीति को निरन्तर प्रयोग में लाना चाहिए। राजा की नीति के वर्णन में सर्वप्रथम युद्धनीति का वर्णन किया गया है। इसके बाद दण्डनीतिप्रकरण और अन्त में व्यवहारनीति का प्रतिपादन किया गया है।

व्यवहारनीति के सभी अठारह प्रकरणों के आरम्भ में उसके उस क्रम पर प्रतिपादन का औचित्य बताया गया है। व्यवहारविधि के प्रथम प्रकरण के बाद उल्लेख है कि पूर्व प्रकरण में ऋणादान के विषय में कहा गया। ऋण से उपलब्ध धन का अनेक लोग मिलकर व्यवहार आदि करते हैं, अतः सम्भूयोत्थान की रचना की जाती है। सम्भूयोत्थान में कोई साधारण द्रव्य का दान भी करता है इसलिए देयादेयव्यवस्था का निरूपण करने के लिए अब देयविधि की व्याख्या की जाती है। देयविधि में अदेय साधारण द्रव्य के व्यय के कारण उत्पन्न कलह में भाइयों का परस्पर दाय भाग हो इसलिए अब उसका विचार किया जाता है। दायभाग के कारण भाइयों में सीमा-विवाद होता है अतः उसके निर्णय के विषय में कहा जाता है। सीमा-विवाद में भृत्यों की भी आवश्यकता पड़ती है अतः इस प्रकरण में उनका तथा उनके वेतनादि का स्वरूप वर्णित किया जाता है। नौकरयुक्त स्वामी नौकर के माध्यम से अथवा स्वयं क्रय-विक्रय भी करता है जिसमें वस्तु-परीक्षा के विना क्रय-विक्रय से उत्पन्न दुःख या पश्चात्ताप भी होता है इसलिए व्यापार से सम्बन्धित पश्चात्ताप का स्वरूप वर्णित किया जाता है।

पूर्व प्रकरण में क्रय और विक्रय की जाने वाली वस्तु की परीक्षा की समय-मर्यादा का कथन किया गया है। परख कर खरीदे गये पशुओं में गाय-भैंस आदि भी होते हैं, उनको चराने के लिए नियुक्त सेवकों के दोष के कारण विवाद होता है अतः उसका वर्णन किया जाता है। सेवक के दोष से स्वामी की हानि का निर्देश किया गया उससे दुःखी कोई भी स्वामी ब्याज के लाभ के लिए अथवा धन की रक्षा के लिए अपने धन का कुछ अंश न्यास रखकर निर्वाह करता है। अतः निक्षेप के भेदों का यहाँ वर्णन किया जाता है। धरोहर रखे गये धन को कोई भी लोभी स्वामी की आज्ञा के बिना भी विक्रय करता है इसलिए उसका वर्णन किया जाता

है। स्वामी की आज्ञा के विना वस्तु-विक्रय में वचन की कठोरता होती है अतः उसका वर्णन यहाँ प्रतिपादित किया जाता है। वाणी की कठोरता में क्रोध आदि आवेश के वश नियम का अतिक्रमण भी सम्भव है अतः उस (समयव्यतिक्रान्ति) का स्वरूप वर्णित किया जाता है। समयव्यतिक्रान्ति में स्त्रीग्रह आदि दोष उत्पन्न होते हैं इसलिए यहाँ स्त्रीग्रहदोष का व्याख्यान किया जाता है। स्त्रीग्रह दोष के साथ द्यूत का साहचर्य होने से अब द्यूत का वर्णन किया जाता है। द्यूत में हारा हुआ कोई भी चोरी का आचरण करता है। इसलिए व्यसन की समानता से अब स्तैन्य-वर्णन का अधिकार कहा जाता है। स्तैन्यदण्ड से सम्बन्धित होने से साहसदण्ड का कथन किया जाता है। साहस दण्ड के साथ साहचर्य के कारण दण्डपारुष्य का निरूपण किया जाता है। दण्ड सदा धर्म की रक्षा के लिए होता है इसलिए अब स्त्री-पुरुष के धर्म की प्ररूपणा की जाती है।

पूर्व अधिकार के अन्तिम प्रकरण में स्त्री-पुरुष धर्म का निरूपण किया गया। स्त्री-पुरुष धर्म के मार्ग से विचलित होने पर प्रायश्चित्त की आवश्यकता होने से लौकिक प्रायश्चित्त जो लौकिक व्यवहार के साधन जाति द्वारा प्रदत्त दण्डनीति के रूप में होने से नीति से सम्बन्ध होने के कारण इस अधिकार में प्रायश्चित्त का वर्णन किया जाता है।

लघ्वर्हन्नीति के सम्पादन में प्रयुक्त पाण्डुलिपियाँ

लघ्वर्हन्नीति के इस आलोचनात्मक संस्करण के सम्पादन में आधारभूत कागज की चार हस्तप्रतों का विवरण इस प्रकार है–

(१) भ १ भोगीलाल लहेरचन्द संस्कृति विद्यामन्दिर, दिल्ली के हस्तप्रत भण्डार में उपलब्ध लघु-अर्हन्नीति की इस हस्तप्रत का क्रमाङ्क ३१४५ है। इसमें ४० पत्र हैं । इसकी लम्बाई २२.५ से. मी. और चौड़ाई ११ से. मी. है। इसमें प्रत्येक पृष्ठ पर १६ पंक्तियाँ हैं। हस्तप्रत का लेखन काल अङ्कित नहीं है। प्रतिलिपि संवत् १९४७ (सन् १८९०) में की गई है।

(२) भ २ भोगीलाल लहेरचन्द के हस्तप्रत भण्डार में ही उपलब्ध इस हस्तप्रत का क्रमाङ्क ३१६५ है। इसमें ३१ पत्र हैं। इसकी लम्बाई २०.५ से. मी. और चौड़ाई ९.५ से.मी. है। इसमें भी प्रत्येक पृष्ठ पर १६ पंक्तियाँ हैं। इस हस्तप्रत का भी लेखन काल अङ्कित नहीं है। प्रतिलिपि संवत् १९४६ (सन् १८८९) में की गई है।

(३) प १ पाटन (गुजरात) के श्री हेमचन्द्राचार्य जैन ज्ञानमन्दिर में उपलब्ध इस हस्तप्रत का क्रमाङ्क २५६९ है। इसमें ३३ पत्र हैं। इसकी लम्बाई २३.५ से. मी. और चौड़ाई ९.५ से.मी. है । इसमें प्रत्येक पृष्ठ पर १६ पंक्तियाँ हैं।

(४) प २ पाटन (गुजरात) के श्री हेमचन्द्राचार्य जैन ज्ञानमन्दिर में उपलब्ध इस हस्तप्रत का क्रमाङ्क १८७९३ है। इसमें ३६ पत्र हैं। इसकी लम्बाई २१.५ से. मी. और चौड़ाई १० से.मी. है। इसमें प्रत्येक पृष्ठ पर १५ पंक्तियाँ हैं। इस हस्तप्रत का भी लेखन काल अङ्कित नहीं है। प्रतिलिपि संवत् १९४८ (सन् १८९१) में गुजरावाला के ब्राह्मण बेलीराम द्वारा की गई है।

लघ्वर्हन्नीतिशास्त्र का आलोचनात्मक सम्पादन

लघ्वर्हन्नीतिशास्त्र की हस्तप्रतों में कुछ ऐसे संयुक्त व्यञ्जनों का द्वित्व प्रयोग उपलब्ध होता है सामान्यतया जिनके प्रयोग में प्रायः द्वित्व का अभाव होता है। सम्भवतः महर्षि पाणिनि के सूत्र 'अचोरहाभ्यां द्वे' ८-४-४६ के अनुसार जिसप्रकार अर्क्कः, मर्क्कः, ब्रह्म्मा में अचः पराभ्यां रेफहकाराभ्यां परस्य यरोद्वे वा स्तः (वृत्ति) अर्थात् अच् रे पर जो रेफ और हकार उनसे पर जो यर् उसको विकल्प से द्वित्व होता है। लघ्वर्हन्नीति की हस्तप्रतों में उपलब्ध ऐसे कुछ शब्दों की सूची इस प्रकार है–

पर्व्व (१-६), धर्म्म (१-१५), मर्म्म (१-१८), कर्म्म (१- ३०), आय्यैः (१-२१), कार्य्यं (१-८९), पूर्व्व (२-१२), दुर्ग्गे (२-१४), पर्य्यन्त (२-१८), सर्व्वथा (२-४६) आदि। प्रस्तुत संस्करण में इस प्रकार के शब्दों का द्वित्वरहित पाठ ग्रहण किया गया है।

लघ्वर्हन्नीति का वैशिष्टय

प्रस्तुत ग्रन्थ का शीर्षक लघ्वर्हन्नीति है। यह कृति चौलुक्य राजा कुमारपाल के आग्रह पर पूर्वविरचित किन्तु सम्प्रति अनुपलब्ध प्राकृत भाषा निबद्ध समान विषयक विशाल ग्रन्थ अर्हन्नीति शास्त्र से सार ग्रहण कर लिखा गया है। इस कारण आचार्य ने अपनी इस कृति का शीर्षक लघ्वर्हन्नीति और स्रोत ग्रन्थ को बृहदर्हन्नीति शीर्षक से उल्लिखित किया है।

वस्तुतः राजनीतिशास्त्र विषयक अर्हन्नीति शीर्षक अन्य कोई ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है। जैन परम्परा में इस विषय पर अन्य उपलब्ध कृति सोमदेवसूरि विरचित नीतिवाक्यामृतम् (९९२ ई०) है। विद्वानों ने राजनीति शास्त्र के ज्ञापक शब्दों पर विचार किया है। सामान्य रूप से राज्य-कार्य तथा राज- सिद्धान्तों का वर्णन करने वाले ग्रन्थ दण्डनीति और अर्थशास्त्र कहलाते थे। उशनस् ने इस विषयक अपने ग्रन्थ का नाम दण्डनीति और बृहस्पति ने अर्थशास्त्र रखा था। विष्णुपुराण में भी अठारह विद्याओं की सूची में अर्थशास्त्र का उल्लेख है। (प्राचीन भारतीय राजशास्त्र की अवधारणा और महत्त्व, (शिवस्वरूप सहाय, मोती लाल बनारसी दास, दिल्ली २००५, पृ. ५)। मनु ने भी इसे दण्डनीति कहा है (मनुस्मृति ७.३१)। आपस्तम्ब

धर्मसूत्र में राजधर्म कहा गया है (आपस्तम्बधर्मसूत्र २.९.२५.१) । कौटिल्य ने भी इसे अर्थशास्त्र नाम दिया है। छान्दोग्य उपनिषद् में राज्य की शासन-व्यवस्था के लिये क्षत्रविद्या शब्द का प्रयोग किया है। (छान्दोग्य उपनिषद् ७.१.२, ७.२.१, ७. ७.१) (शिवस्वरूप सहाय, मोती लाल बनारसी दास, दिल्ली २००५, पृ. ५)। महाभारत में राजनीति को अर्थशास्त्र, राजशास्त्र, दण्डनीति (शान्तिपर्व ५९.७८) और राजधर्म (शान्तिपर्व ५६.५८, ५८.३१) कहा गया है।

ईस्वी शताब्दी से राजशास्त्र के जिन ग्रन्थों का सृजन हुआ वे प्रायः नयशास्त्र अथवा नीतिशास्त्र कहलाये। कामन्दक ने अपनी पद्यमय कृति को नीतिसार कहा है। पञ्चतन्त्र नामक ग्रन्थ में राजनीति शास्त्र का नाम नयशास्त्र दिया गया है (गोपाल, डॉ. लल्लन जी, प्राचीन राजनीतिक विचारधारा, विश्व विद्यालय प्रकाशन, वाराणसी १९९९, पृ.११)। पुराणों में राजशास्त्र को कई संज्ञाओं से अभिहित किया गया है, यथा, राजधर्म (अग्निपुराण, अध्याय २३९ का नाम राजधर्म है।), राजनीति (अग्निपुराण, अध्याय २४२ का नाम राजनीति है।) दण्डनीति (वायुपुराण, ५७.८२) तथा अर्थशास्त्र (मत्स्यपुराण २१५.१३)। उत्तरवर्ती ग्रन्थकारों में चण्डेश्वर (१३१५ ई०) ने अपनी पुस्तक का नाम राजनीतिरत्नाकर रखा है। देवण्णभट्ट (१३००ई०) की स्मृतिचन्द्रिका का राजनीतिकाण्ड है। (गोपाल, डॉ. लल्लन जी, प्राचीन राजनीतिक विचार-धारा, विश्व विद्यालय प्रकाशन, वाराणसी १९९९, पृ.११)

राजनीति शास्त्र के प्रणेता

आचार्य हेमचन्द्र ने लघ्वर्हन्नीति में प्रथम तीर्थङ्कर भगवान ऋषभदेव को राजाओं के नीतिमार्ग का प्रणेता बताया है–

ततो जगाद भगवान् शृणु भो मगधेश्वर !।
कालेऽस्मिन्नादिमो भूप ऋषभोऽभूज्जिनेश्वरः।।१-१३।।

स एव कल्पद्रुमफले क्षीणे कालप्रभावतः।
भारतान् दुःखितान् दृष्ट्वा कलिछद्मपरायणान्।।१-१४।।

कारुण्याद्युग्मजातानां छित्वा धर्मं पुरातनम्।
वर्णाश्रमविभागं वै तत्संस्कारविधिं पुनः।।१-१५।।

कृषिवाणिज्यशिल्पादिव्यवहारविधिं तथा।
नीतिमार्गं च भूपानां पुरपट्टनसंस्थितिम्।।१-१६।।

विद्याः सर्वाः क्रियाः सर्वाः ऐहिकामुष्मिकाअपि।
प्रादुश्चकार भगवान् लोकानां हितकाम्यया।।१-१७।।

अर्थात् भगवान् बोले हे मगधराज ! सुनो इस युग में आदि जिनेश्वर भगवान् ऋषभदेव प्रथम राजा हुए। काल के प्रभाव से कल्पवृक्ष के फल के क्षीण हो जाने पर कलिकाल के कपट के वशीभूत भरत की प्रजा को दुःखी देखकर करुणावश युगलियों (युग्म रूप में उत्पन्न) के पुरातन धर्म का भेदन कर संस्कारविधि सहित वर्ण और आश्रम (दो प्रकार) के विभाग तथा कृषि, वाणिज्य, शिल्प आदि, व्यवहार विधि तथा राजाओं का नीति मार्ग, पुर तथा नगरों की व्यवस्था, लौकिक-पारलौकिक सभी विद्यायें, सभी क्रियायें, भगवान् (ऋषभदेव) ने लोगों के हित की कामना के लिए प्रवर्तित किया।

महाभारत में कहा गया है कि प्रारम्भ में ब्रह्मा जी ने उस समय फैली हुई अराजकता का अन्त करके समाज व्यवस्था पुनः स्थापित करने के बाद एक लाख श्लोकों में विशाल राज्यशास्त्र की रचना की। इसे क्रमशः शिव, विशालाक्ष, इन्द्र, बृहस्पति या शुक्र ने संक्षेप किया। (महाभारत, शान्तिपर्व ५७, ५८)। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी अनेक स्थलों में विशालाक्ष, इन्द्र (बहुदन्त), बृहस्पति, शुक्र, मनु, भारद्वाज और गौरशिरस् का उल्लेख करके इनके मन्तव्यों पर विचार किया गया है। इनके अतिरिक्त अर्थशास्त्र में पराशर, पिशुन, कौणपदन्त, वातव्याधि, घोटमुख, कात्यायन और चारायण आदि राज्यशास्त्र के प्रणेताओं का भी उल्लेख है। इसप्रकार भगवान् ऋषभदेव को स्पष्टरूप से राज्यशास्त्र का प्रणेता बताना लघ्वर्हन्नीति की अपनी विशेषता है।

लघ्वर्हन्नीति का स्रोत

कुमारपालक्ष्मापालाग्रहेण पूर्वनिर्मितात्।
अर्हन्नीत्यभिधात् शास्त्रात्सारमुद्धृत्य किञ्चन।। १.६।।

आचार्य हेमचन्द्र ने कहा है कि चौलुक्य राजा कुमारपाल के आग्रह से पूर्व विरचित 'अर्हन्नीति' नामक शास्त्र से कुछ सार उद्धृत कर निश्चय ही राजा और प्रजा के कल्याण के लिए शीघ्रता से स्मरण में आने वाले तथा सरलता से ज्ञान होने वाले उत्तम शास्त्र लघु-अर्हन्नीति की रचना करता हूँ। आचार्य ने कई स्थलों पर वृत्ति में यदुक्तं बृहदर्हन्नीतौ कहकर गाथायें और गद्यांश उद्धृत किये हैं। यह प्राकृत भाषा-निबद्ध बृहदर्हन्नीति के अस्तित्व के सम्बद्ध में पुष्ट प्रमाण माना जा सकता है। लघ्वर्हन्नीति की वृत्ति में उपलब्ध कुछ उद्धरण इस प्रकार हैं –

रोगाउरेण दिण्णं जं दाणं मुक्खधम्मकज्जस्स।
तस्स य मरणेवि सुओ जुग्गोच्चियं तं धणं दाउं।।३.४.९।।

किसिवाणिज्जपसूहिं जं लाहो हवइ तस्स दसमंस्सं दावेइ निवो भिच्चं अणिच्छिए वेज्जणे तस्स।१। –३.७.१८

हाणी णहु सुवणेअमीए पलदुग्गं भवे रयए।
तंवस्स पञ्च लोहे दस सीसे अठयइसयगं।।१।।३.८.९
हियवाइस्सय वयणं जो नहु मणइ तिदुवितव्यूहे सो होइ दण्डणिज्जोपढमदमेणं खु णिच्चंपि।१। ३.१३.७।।

लघ्वर्हन्नीति के चारों अधिकारों में से तृतीय व्यवहार अधिकार के अठारह प्रकरणों के शीर्षकों पर विचार करने पर हम पाते हैं कि अपराध को अठारह प्रकारों में वर्गीकृत करने की परम्परा विद्वानों के अनुसार सर्वप्रथम मनु ने आरम्भ की थी। सम्पूर्ण अपराधों को मनु ने अठारह विभागों में समेट कर व्यवहार पद्धति को नई दिशा दी है। वे ही प्रथम व्यवस्थाकार, न्यायविद् एवं विधिज्ञ थे जिन्होंने सूक्ष्म चेतना के आधार पर अपनी पैनी व विवेचनापूर्ण दृष्टि से ऋग्वेदकाल से लेकर अपने पूर्ववर्तीकाल तक विशृंखलित व्यवहार पद्धति को व्यवस्थित किया है। मनु के बाद के स्मृतिकारों तथा अर्थशास्त्र के रचयिता कौटिल्य ने भी अपराध का वर्गीकरण, मनु द्वारा निर्देशित आधार पर ही किया है। यद्यपि अनेक स्थलों पर भिन्नता दृष्टिगत होती है तो भी रूपरेखा, मानदण्ड, व्यवहारप्रणाली, मनु के अनुरूप ही है। अनेक व्यवहार शीर्षकों में परिवर्तन एवं कुछ भिन्नता अवश्य हुई है, परन्तु उनका मूल मनु के सिद्धान्तों में ही आधारित है। काल परिवर्तन के प्रभाव से अपराध-सूचियों में परिवर्तन अवश्य हुआ। अपराध वरीयता भी विभिन्न कालों में बदलती रही थी।

मनु ने व्यवहार-पद्धति में १८ प्रकार के व्यवहारों का उल्लेख किया है। याज्ञवल्क्य ने बीस प्रकार के व्यवहारों को दर्शाया है। उन्होंने अयुपेत्या- शुश्रूषा एवं प्रकीर्णक नाम से दो अतिरिक्त व्यवहारों का उल्लेख किया है। नारद ने १८, बृहस्पति ने १९ प्रकार के व्यवहार वर्ग में प्रकीर्णक व्यवहार पद्धति अध्याय को सम्मिलित किया है। यही स्थिति कौटिल्य की भी है। स्मृतिकारों ने मनु द्वारा प्रतिपादित व्यवहार वर्गीकरण को ज्यों का त्यों या न्यून परिवर्तन के साथ स्वीकार कर लिया है।

स्मृतिकारों की व्यवहार सूचियों से स्पष्ट है कि प्रत्येक स्मृतिकार के युग में अपराधों की ज्येष्ठता व गुरुता परिवर्तनशील रही है। समय व परिस्थितियों के कारण सामाजिक परिवर्तन का सीधा प्रभाव व्यवहारों के क्रम पर पड़ता था। ऋण और निक्षेप को छोड़कर स्मृतिकारों ने अपनी-अपनी अपराध या व्यवहार सूची को बदला है। मनु ने तीसरे स्थान पर अस्वामिविक्रय को रखा, तो याज्ञवल्क्य ने दायविभाग, नारद ने सम्भूयसमुत्थान, बृहस्पति ने अदेयाह्य (दत्ताप्रदानि) को तीसरे स्थान पर रखा है। सम्पूर्ण स्मृतिकारों के व्यवहार विवरण इस परिवर्तन से

प्रभावित हैं। वाक्पारुष्य, दण्डपारुष्य, स्तेय, साहस, स्त्रीसंग्रह जैसे विवादों के सूचीस्थल परिवर्तन में गौणता अवश्य रही है। कुछ स्थलों पर भिन्नता भी स्पष्ट है। उदाहरणतः मनु द्वारा उल्लिखित स्वामिपालविवाद को नारद और बृहस्पति ने, स्त्रीसंग्रहण व स्तेय को नारद ने, अभ्युयेत्याशुश्रूषा व प्रकीर्णक को मनु ने अपनी व्यवहार पद्धतिसूचियों में सम्मिलित नहीं किया है। प्रमुख स्मृतिकारों की यह भिन्नता अग्रिम तालिका से स्पष्ट हो जाती है—(देखे पृ० xiii)

मनु, याज्ञवल्क्य तथा नारद आदि स्मृतिकारों को छोड़कर अन्य स्मृतिकारों ने अतिपाप, महापाप (अर्थात् अपराध, उप-अपराध, अति अपराध, महापराध) आदि वर्गीकरण किया है।

चतुर्थ प्रायश्चित्त अधिकार का उल्लेख करते हुए विभिन्न प्रकार के अपराधों की गणना की है। अनेक स्मृतिकारों ने अपराधों को अपनी स्मृतियों में विकीर्ण कर दिया है। अपराधों पर सामाजिक शक्ति के प्रभाव ने आपराधिकस्तर में परिवर्तन किया है। इसमें वर्ण की प्रधानता को वरीयता मिली है। उदाहरणतः ब्राह्मण द्वारा घटित क्रिया को गौण और शूद्र द्वारा घटित वही क्रिया शूद्र का महापराध बनती थी।

उपवासाश्च पञ्चाशदेकभक्तास्तथैव च।
पञ्चैव तीर्थयात्राश्च तथा सधर्मिवत्सलाः।।३।।
पञ्चपूजा जिनानां च शान्तिकापौष्टिकादयः।
सङ्घभक्तिर्गुरौभक्तिर्दानानि च यथाविधि।।४।।
जिनोपवीतसंस्कारस्तथा कोशस्य वर्द्धनम्।
जिनज्ञानौषधादीनां तथा च ज्ञातिभोजनम्।।५।।
इति कृत्वा तथा स्नात्वा तीर्थमृत्साजलेन च।
सर्वौषधिविमिश्रेण शुद्धो जायेत मानवः।।६।।
अन्यथा ज्ञातिबाह्यत्वान्नोपवेश्यः स्वपंक्तिषु।
सहभोज्योऽपि तेन स्यात्तुल्यो ज्ञातिबहिष्कृतः।।७।।

उपरोक्त प्रायश्चित्त में अपराध की शुद्धि हेतु एकाशना, साधर्मिक वात्सल्य, जिनपूजा, सङ्घभक्ति आदि का समावेश जैन मान्यता के अनुरूप है।

प्रजा-पालन

राजा का सर्वोपरि कर्त्तव्य – आचार्य हेमचन्द्र ने राजा के सद्गुणों और कर्त्तव्य की चर्चा करते हुये प्रजापालन को राजा का परम धर्म बताया है

क्रम.	मनु	याज्ञवल्क्य	बृहस्पति	नारद	हेम
१.	ऋणादान	१. ऋणादान	१. कुसीद (ऋण)	१. ऋणादान	१. ऋणादान
२.	निक्षेप	२. उपनिधि	२. निधि	२. निक्षेप	२. सम्भूयोत्थान
३.	अस्वामिविक्रय	३. अस्वामिवि०	८. अस्वामिवि०	७. अस्वामिवि.	३. देयविधि,
४.	सम्भूयसमुत्थान	१७. सम्भूयसमु०	४. सम्भूयोत्थान	३. सम्भूयत्थान	४. दायभाग,
५.	दत्तस्यानपाकर्म	७. दत्ताप्रदानिक	३. अदेयाद्य	४. दत्ताप्रदा.	५. सीमाविवाद
६.	वेतनादान	११. वेतनादान	५. भृत्यदान	६. वेतनस्यानपाकर्म	६. वेतनादान
७.	संविदव्यतिक्रम	१०. संविदव्यति.	१०. संमिवातिक्रम	१०. समस्यानपा	७. क्रयेतरानुस०
८.	क्रयविक्रयानुशय	८. क्रीतानुशय	९. संमिवविक्रया.	९. क्रीतानुशय	८. स्वामिभृत्यवि०
९.	स्वामिपालविवाद	१६. विक्रीयसंप्रदान०	.....	८. विक्रीयसम्प्रदान	९. निक्षेप
१०.	सीमाविवाद	५. स्वामिपालविवाद	.....	.....	१०. अस्वामिवि०
११.	वाक्पारुष्य	४. सीमाविवाद	११. क्षेत्रविवाद	७. भूवाद	११. वाक्पारुष्य
१२.	दण्डपारुष्य	१३. वाक्यपारु.	१६. वाक्यपारु.	१६. वाक्यपारु.	१२. मर्यादाव्यतिक्रम,
१३.	स्तेय	१४. दंडपारुष्य	१६. दंडपारुष्य	१६. दंडपारुष्य	१३. स्त्री-संग्रह
१४.	साहस	१८. स्तेय	१२. स्तेय	१२. स्तेय	१४. द्यूत-विवाद
१५.	स्त्रीसंग्रहण	१५. साहस	१४. साहस (वध)	१७. वध	१५. स्तैन्यप्रकरण
१६.	स्त्रीपुंधर्म	१९. स्त्रीसंग्रहण	१८. स्त्रीसंग्रहण	१८. स्त्रीसंग्रहण	१६. साहस,
१७.	विभाग (दायभाग)	.....	१२. स्त्रीपुसयोग	११. +	१७. दण्ड पारुष्य
१८.	द्यूतसमाह्वय	३. दायविभाग	१३. दायभाग	१३. दायभाग	१८ स्त्री-पुरुषधर्म
१९.	.....	१२. द्यूतसमा.	१७. द्यूतसमाहय	१४. अक्षदेवन	
२०.	.....	९. अभ्युयेत्या	५. अभ्युप्रेत्याशुश्रूषा	६. अशुश्रूषा	
		२०. प्रकीर्णक	१८. प्रकीर्णक	१९. प्रकीर्णक	

नृपतेः परमो धर्मः स्वप्रजापालनं सदा । —३.१६.२

जिस प्रकार गाय अपने बछड़े का पालन करती है उसी प्रकार प्रीतिपूर्वक राजा को भी अपनी प्रजा का पालन करना चाहिए —

गौर्वत्समिव भूपोऽपि प्रीत्या स्वाः पालयेत्प्रजाः । —३.३.११

राजा के लिये आचार्य का उपदेश है कि वह सज्जन पुरुषों का पालन करता हुआ एवं दुष्टों का निग्रह (दण्डित) करता हुआ देव, दानव और मनुष्य सभी योनि के लोगों द्वारा पूजा जाता है —

शिष्टानां पालनं कुर्वन् दुष्टानां निग्रहं पुनः।
पूज्यते भुवने सर्वैः सुरासुरनृयोनिभिः।। ३.१९.६।।

आचार्य के अनुसार राजा को अपने सगे सम्बन्धियों को भी अपराध हेतु दण्डित करना चाहिये। यदि पत्नी, पुत्र, दूत, दास, सहोदर (भ्राता), चौरकर्म के अपराधी हों तो राजा द्वारा नाथ (बैल की नाक में पिरोई जाने वाली रस्सी और) दण्ड से उनकी पिटाई हो —

भार्यापुत्रप्रेष्यदाससोदराश्चापराधिनः ।
तेषां नाथेन दण्डेन स्तैन्यकर्मणि भूभृता।। ३.१८.२५।।

समाज में अपराध पर नियन्त्रण और प्रजा की सुरक्षा के लिये राजा से अपेक्षित है कि वह अपराध घटित होने पर भुक्तभोगी द्वारा अपराध की सूचना न देने पर भी स्वयं संज्ञान लेकर अपराधी को दण्ड दे। मुख्य लक्ष्य समाज को अपराध मुक्त रखना है चाहे उसके लिये जो भी कदम उठाना पड़ें।

एताः सत्त्वेऽभियोगस्यासत्त्वे चापि महीभुजा।
प्रयुज्यन्ते प्रजास्थित्यै यथादोषं दुरात्मसु।। २.२.५।।

अर्थात् ये दण्डनीतियाँ आरोपी के विरुद्ध अभियोग दोषारोपण सामने लाये जाने पर और न लाये जाने पर भी राजा द्वारा प्रजा की रक्षा हेतु दुष्टों के अपराध के अनुसार प्रयोग की जाती हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र के व्यक्ति एवं राजा एवं समाज का उनके प्रति व्यवहार

धर्मनिष्ठ, प्रतिभाशाली, पवित्र, लोभरहित, कार्यकुशल, आलस्यरहित, बहुशास्त्र वेत्ता, शुद्ध कुल वाला, सर्वमान्य और कार्य की चिन्ता करने वाला व्यक्ति सभा का कार्यभार ग्रहण करे।

धर्मिणः प्रतिभायुक्ताः शुचयो लोभवर्जिताः।
कार्यदक्षा निरालस्या बहुशास्त्रविशारदाः।।३.१३.९।।

कुलशुद्धाः सर्वमान्याः कार्यचिन्तासमाहिताः।
माननीयं वचस्तेषां सर्वैस्तद्व्यूहसंस्थितैः।।१०।।

साथ ही समूह या पञ्च-समिति में स्थित सदस्यों के हितवादी वचनों को दूसरे मनुष्यों को स्वीकार करना चाहिए। इसके विपरीत (न मानने वालों को) अधम दण्ड से दण्डित करना चाहिये–

हितवादिवचो मान्यं समूहे तत्स्थितैः परैः।
विपरीतो हि दण्ड्यः स्याज्जघन्येन दमेन च।। ३.१३.६।।

पर्यावरण सुरक्षा

आचार्य हेमचन्द्र ने पर्यावरण को क्षति पहुँचाने वाले कृत्यों के लिये कठोर दण्ड का विधान किया है जो निम्नलिखित श्लोकों से स्पष्ट है –

आरामं गच्छता येन दर्पादुत्पाटिता लता।
त्वक्पत्रदण्डपुष्पाद्याः स दण्ड्यो दशराजतैः ३.१८.८

अर्थात् उपवन की ओर जाते हुए धृष्टता से जिसके द्वारा लता उखाड़ी गई हो, वृक्ष की छाल, पत्ते, डाली, फूल आदि तोड़ा गया हो वह दस रजत मुद्राओं से दण्डनीय है। इससे स्पष्ट है कि वनस्पति आदि को क्षति पहुँचाना गम्भीर अपराध था। पत्ते और फूल तोड़ना भी भारी दण्ड का कारण बनता था। यही नहीं वृक्ष काटने वाले को नगर से निष्कासित करने का विधान था – **प्रवास्योवृक्षभेदकः –३.१८.९**

वर्तमान समय में भी यदि वनस्पति को क्षति पहुँचाने पर इसके समान कठोर दण्ड दिया जाय तो वृक्ष आदि की सुरक्षा बढेगी और फलतः हमारा पर्यावरण भयावह विनाश से मुक्त हो सकेगा।

पुत्र-पुत्री उत्पन्न होने के कारण–आचार्य हेमचन्द्र के अनुसार सम (संख्या वाली) रात्रि में गर्भ धारण हो तो पुत्र और विषम (संख्या वाली) रात्रि में गर्भ धारण हो तो कन्या, वीर्य की अधिकता से पुत्र तथा रक्त की अधिकता होने से पुत्री उत्पन्न होती है–

समायां निशि पुत्रः स्याद्विषमायां तु कन्यका।
वीर्याधिक्येन पुत्रः स्याद्रक्ताधिक्येन पुत्रिका।।३.१९.१६।।

वाहन दुर्घटना

आचार्य हेमचन्द्र द्वारा वाहन-दुर्घटना से सम्बद्ध दण्ड में चालक की कुशलता-अकुशलता को केन्द्र बनाया गया है। वाहन चालक के मूर्ख या अकुशल

होने पर राजा द्वारा वाहन चालक और स्वामी दोनों को दण्डित करना चाहिए। इसका फलित यह है कि अकुशल चालक नियुक्त करने वाला वाहन स्वामी भी अपराधी है। यदि चालक की अकुशलता का दोष दुर्घटना होनेपर वाहन स्वामी को प्रभावित करने लगे तो अप्रशिक्षित चालकों के हाथ में वाहन देने की परम्परा स्वतः समाप्त होजाय। साथ ही येन-केन प्रकारेण कुशलता का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की भी प्रवृत्ति पर अंकुश लगे और सड़क पर जीवन की सुरक्षा में गुणातीत सुधार हो जाय–

मूर्खत्वे सारथेर्दण्ड्यो युग्मे भूपेन सारथेः। ३.१८.२०।।

लघ्वर्हन्नीति में अनेक ऐसी व्यवस्थाओं का वर्णन आचार्य हेमचन्द्र ने किया है जिनको आज के प्रशासन में भी अपनाया जासकता है। इसप्रकार शासक और नागरिक दोनों के लिये यह ग्रन्थ आज भी प्रासङ्गिक है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपनी मेधा से एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ की रचना की थी।

कृतज्ञता ज्ञापन

लघ्वर्हन्नीति परियोजना की पूर्णता के अवसर पर सर्वप्रथम मैं परमादरणीय गुरु प्रोफेसर सुरेश चन्द्र पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं परमादरणीय क्वाण्डम प्रोफेसर सत्य रञ्जन बनर्जी, कोलकाता का उनके आशीर्वाद एवं प्रोत्साहन हेतु हृदय से कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। भोगीलाल लहेरचन्द संस्कृति विद्यामन्दिर के अध्यक्ष माननीय श्री निर्मल भाई भोगीलाल, सभापति माननीय श्री राजकुमार जैन सहित समस्त प्रबन्ध मण्डल और निदेशक डॉ. बालाजी गणोरकर के प्रति उनके सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। श्री देवेन यशवन्त जी, पूर्व कोषाध्यक्ष की इस कार्य में विशेष रुचि थी। भारत के महान विधिवेत्ता एवं राजनयिक स्वनामधन्य स्व० लक्ष्मीमल्ल संघवी से किसी समारोह में श्री देवेन जी ने सुना था कि एक महान निर्ग्रन्थ आचार्य ने अपने शिष्य राजा कुमारपाल को उसके आग्रह पर राजनीति – शासन करने का उपदेश दिया है। वह निश्चित ही अद्‌भुत होगा। इसका अनुवाद सहित प्रकाशन अवश्य होना चाहिये। मैं भी जब पार्श्वनाथ विद्यापीठ में कार्यरत था। एक बार इलाहाबाद विश्वविद्यालय राजनीति शास्त्र विभाग के मेरे आदरणीय गुरु प्रो. प्रमोद कुमार मित्तल, अर्हन्नीति की पाण्डुलिपि की खोज में विद्यापीठ आये। रात्रि-विश्राम के समय वार्तालाप के क्रम में उन्होंने कहा कि निवृत्तिमार्ग के पोषक धर्म के अनगार आचार्य हेमचन्द्र जैसे आत्मकल्याण के साथ-साथ लोककल्याण को समर्पित, अपनी अद्वितीय मेधा के कारण जो कलिकाल सर्वज्ञ माने जाते थे, उनका अपने शिष्य राजा को व्यावहारिक राजनीति का दिया हुआ उपदेश निश्चित ही आज भी प्रासङ्गिक होगा और विसङ्गतियों से भरे इस काल

में बहुत उपयोगी होगा। उस कृति को प्रकाश में लाना चाहिये। बी. एल. आई. आने के बाद अर्हन्नीति की चर्चा होने पर मुझे गुरु की इच्छा पूर्ण करने का सुयोग मिला और उत्साह से इस कार्य को आरम्भ किया।

इसकी दो पाण्डुलिपियाँ बी. एल. आई. हस्तप्रत भण्डार में थीं और दो पाटन (गुजरात) में थीं। संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. जीतेन्द्र बी. शाह और और निदेशक महोदय के प्रयास से श्री हेमचन्द्राचार्य जैन हस्तप्रत भण्डार, पाटन के न्यासी श्री यतिन भाई शाह, एडवोकेट ने वहाँ उपलब्ध हस्तप्रतों की छायाप्रति उपलब्ध कराई और कार्य आगे बढ़ा। संस्थान के उपाध्यक्ष श्री नरेन्द्र प्रकाश जैन इस कार्य की प्रगति में निरन्तर रुचि लेते रहे और उत्साह वर्द्धन करते रहे। मैं उन सबके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं भोगीलाल लहेरचन्द विद्यामन्दिर परिवार के समस्त सदस्यों प्रशासनिक अधिकारी श्री पी. एस. गणेशन, पुस्तकालय प्रभारी श्री अभयानन्द पाठक, डॉ. मोहन पाण्डेय, लिपिक अनिता गुप्ता, पुस्तकालय परिचारक अर्जुन यादव, मुन्नी एवं अरविन्द को उनसे प्राप्त सहयोग के लिये धन्यवाद देता हूँ।

इस पुस्तक की कम्प्यूटर टाइप-सेटिंग के लिये अपने संस्थान के सङ्गणक प्रभारी श्री लक्ष्मी कान्त के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

सम्पत्ति-विभाजन के समय माता का गर्भ स्पष्ट न होने पर विभाजन के पश्चात् उत्पन्न पुत्र के लिए भाइयों द्वारा आय और व्यय की गणना कर अपने-अपने हिस्सों से अपने हिस्से के बराबर हिस्सा देना चाहिए। गर्भ स्पष्ट होने पर प्रसव की प्रतीक्षा कर विभाजन करना चाहिए।

ब्राह्मणादिवर्णत्रयस्य सवर्णासवर्णस्त्रीसम्भवेन तज्जातपुत्राणां भागः विधेयः कथंविधेय इति दिदर्शयिषुराह –

ब्राह्मण आदि तीन वर्णों अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य के समानवर्ण और असमानवर्ण से उत्पन्न पुत्रों का हिस्सा किस प्रकार होना चाहिए यह बताने की इच्छा से कथन –

ब्राह्मणस्य चतुर्वर्णास्त्रियः सन्ति तदा वसु।
विभज्य दशधा तज्जान् चतुस्त्रिद्व्यंशभागिनः।।३७।।

कुर्यात्पितावशिष्टं तु भागं धर्मे नियोजयेत्।
शूद्राजातो न भागार्हो भोजनांशुकमन्तरा।।३८।।

ब्राह्मण की चार (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र) वर्ण वाली पत्नियां हों तो पिता सम्पत्ति को दस भागों में बाँटकर उनसे उत्पन्न पुत्रों को क्रमशः चार (ब्राह्मणी से उत्पन्न), तीन (क्षत्राणी से उत्पन्न) और दो (वैश्य स्त्री से उत्पन्न) हिस्से का अधिकारी बनाये। शेष भाग को धर्म कार्य में लगाये। शूद्र से उत्पन्न पुत्र भोजन और वस्त्र के अतिरिक्त सम्पत्ति में किसी हिस्से का अधिकारी नहीं है।

क्षत्राज्जातः सवर्णायामर्धभागी विशात्मजा-

जातस्तुर्यांशभागी स्याच्छूद्रात्पन्नोऽन्नवस्त्रभाक्।।३९।।

क्षत्रिय पिता की सवर्णा अर्थात् क्षत्राणी से उत्पन्न पुत्र सम्पत्ति के आधे भाग का अधिकारी है, वैश्य स्त्री से उत्पन्न पुत्र चतुर्थ भाग का अधिकारी है, शूद्रा स्त्री से उत्पन्न पुत्र मात्र अन्न, वस्त्र का अधिकारी है।

वैश्याज्जातः सवर्णायां पुत्रः सर्वपतिर्भवेत्।
शूद्राजातो न दायादो योग्यो भोजनवाससाम्।।४०।।

वैश्य पिता की सवर्णा अर्थात् वैश्य स्त्री से उत्पन्न पुत्र सम्पूर्ण सम्पत्ति का स्वामी हो, शूद्रा स्त्री से उत्पन्न पुत्र सम्पत्ति का भागीदार नहीं है, वह केवल भोजन और वस्त्र का अधिकारी है।

वर्णत्रये [1]यदा दासीवर्गशूद्रात्मजो भवेत्।
जीवत्तातेन यत्तस्मै दत्तं तत्तस्य निश्चितम्।।४१।।

तीनों वर्णों (ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य पुरुष) से यदि शूद्र वर्ण की दासी से पुत्र उत्पन्न हो तो जीवित रहते हुए पिता द्वारा उसको जो दिया गया है वह निस्सन्देह उसका है।

मृते पितरि तत्पुत्रैः कार्यं तेषां हि पालनम्।
निबन्धश्च तथा कार्यस्तातं ते न स्मरन्ति हि।।४२।।

निश्चय ही पिता की मृत्यु होने पर उसके पुत्रों द्वारा उनका पालन करना चाहिए। उसे सम्पत्ति आदि का दान इस प्रकार करना चाहिए जिससे वे पिता का स्मरण न करें।

शूद्रस्य स्त्री भवेच्छूद्री नान्या तज्जातसूनवः।
यावन्तस्तेऽखिला नूनं भवेयुः समभागिनः।।४३।।

शूद्र की पत्नी शूद्र वर्ण की ही होती है उससे उत्पन्न पुत्र अन्य वर्ण के नहीं होते वे जितने भी हैं निश्चित रूप से समान भाग वाले होने चाहिए।

(वृ०) ब्राह्मणस्य चातुर्वर्ण्यस्त्रीभ्यो यदि चत्वारः पुत्राः सञ्जातास्तदा तद्भागं चिकीर्षुः पिता स्वीयधनं दशधा विभज्य सवर्णापुत्राय भागचतुष्कं क्षत्रियाजाताय भगत्रयं वैश्याजाताय च भागद्वयं ददाति अवशिष्टमेकं भागं च धर्मकार्ये व्ययति शूद्रायां जातस्तु न भागभोग्यं केवलं भोजनवस्त्रयोग्य एव आद्यश्लोके क्रमशः इति पदमध्याहार्यमन्यत् सर्वं स्पष्टम्।

ब्राह्मण की चारों वर्णों की स्त्रियों से यदि चार पुत्र उत्पन्न हुए हों तब उनके भाग करना चाहिए। पिता अपने धन का दस भाग कर सवर्ण (अर्थात् ब्राह्मणी) से उत्पन्न पुत्र के लिए चार भाग, क्षत्रिय स्त्री से उत्पन्न पुत्र के लिए तीनभाग और वैश्य स्त्री से उत्पन्न पुत्र के लिए दो भाग देता है। शेष एक भाग धर्मकार्य में व्यय करता है। शूद्रा से उत्पन्न पुत्र हिस्से का अधिकारी नहीं है। केवल भोजन वस्त्र का ही अधिकारी है। प्रथम श्लोक में क्रमशः इस पद का अनुमान कर अन्य सब स्पष्ट है।

ननु शूद्रेणाविवाहितदास्याभुत्पन्नस्य कीदृशो भागः स्यादित्याह—

---

१. दासदासीवर्गः भ १, भ २, प १, प २।।

अब शूद्र द्वारा अविवाहिता दासी से उत्पन्न पुत्र का किस प्रकार हिस्सा हो यह बताया–

दास्यां जातोऽपि शूद्रेण भागभाक् पितुरिच्छया।
मृते तातेऽर्द्धभागी स्यादूढाजाभ्रातृभागतः।।४४।।

शूद्र (पिता) से दासी से उत्पन्न पुत्र भी पिता के जीवित रहने पर पिता की इच्छा से सम्पत्ति में हिस्से का अधिकारी होता है, पिता की मृत्यु हो जाने पर विवाहिता स्त्री से उत्पन्न हुए पुत्र के भाग में से उसे आधा भाग प्राप्त हो।

(वृ०) पितरि जीवति तदिच्छया भागो मृते च विवाहितपत्नीपुत्रापेक्षया दासेरोऽर्धभागं प्राप्नोति। सर्वदायादाभावे दौहित्राद्यभावे स एव सर्वस्वामीत्यर्थः।

पिता के जीवित होने पर उसकी इच्छा से हिस्सा मिलना चाहिए और मृत्यु हो जाने पर विवाहिता पत्नी से उत्पन्न पुत्र की तुलना में दासीपुत्र को आधा भाग मिलना चाहिए। सभी सम्बन्धियों तथा दौहित्र आदि का अभाव होने पर दासीपुत्र ही समस्त सम्पत्ति का स्वामी होता है।

ननु कश्चित् सवधूकस्सपुत्रोऽपुत्रो वात्युग्रव्याधिग्रसितः स्वजीवनाशां विमुच्य स्वकीयधनरक्षार्थं चेदन्यमधिकारिणं करोति स कीदृशो योग्यः स्यादित्याह–

कोई पत्नी युक्त व्यक्ति पुत्र सहित अथवा पुत्ररहित, भयङ्कर व्याधि से पीड़ित अपने जीवन की आशा छोड़कर, अपने धन की रक्षा के लिए दूसरे को अधिकारी बनाता है वह किस प्रकार अधिकारी है, इसका कथन –

जीवनाशाविनिर्मुक्तः पुत्रयुक्तोऽथवापरः।
सपत्नीकः स्वरक्षार्थमधिकारिपदे नरम्।।४५।।

दत्वा लेखं स्वनामाङ्कं राजाज्ञासाक्षिसंयुतम्।
कुलीनं धनिनं मान्यं स्थापयेत्स्त्रीमनोनुगम्।।४६।।

जीवन की आशा क्षीण हो जाने पर पुत्रवान् अथवा पुत्ररहित स्वामी, पत्नी जीवित होने पर सम्पत्ति की रक्षा के लिए कुलीन, धनवान्, सम्मानित और स्त्री के मनोनुकूल व्यवहार करने वाले पुरुष को अधिकारी पद पर स्थापित करावे, राजाज्ञा के साक्ष्य से युक्त अपने नाम का लेख उसे सौंपे।

(वृ०) अत्र नर इति जातिविशिष्टशब्दोक्त्याधिकारबाहुल्यमपि सूचितम्।

इस श्लोक में 'नर' इस जाति विशिष्ट एकवचनात्मक शब्द से अनेक अधिकारियों का भी अभिप्राय सूचित किया गया है।

ननु स्वामिनि मृते स पुरुषोऽधिकारं प्राप्य धनं विनाशयेद्भक्षयेद्वाथवा विधवायाः प्रतिकूलतां भजेत् तदा किं कर्त्तव्यमित्याह –

स्वामी के मरने पर वह पुरुष अधिकार प्राप्त कर धन विनष्ट कर दे अथवा खा डाले अथवा स्वामिनी विधवा के प्रतिकूल आचरण करे तब क्या करना चाहिए, इसका कथन –

प्राप्याधिकारं पुरुषः परासौ गृहनायके।
स्वामिना स्थापितं द्रव्यं भक्षयेद्वा विनाशयेत्।।४७।।

भवेच्चेत्प्रतिकूलश्च मृतवध्वाः कथञ्चन।
तदा सा विधवा सद्यः कृतघ्नं तं मदाकुलम्।।४८।।

भूपाज्ञापूर्वकं कृत्वा स्वाधिकारपदच्युतम्।
नरैरन्यैः स्वविश्वस्तैः कुलरीतिं प्रचालयेत्।।४९।।

गृहस्वामी की मृत्यु हो जाने पर अधिकार प्राप्त कर वह पुरुष स्वामी द्वारा स्थापित धन को खा जाय अथवा विनष्ट कर दे और कभी मृतक की विधवा के विपरीत हो जाय तब वह विधवा शीघ्र ही उस मदान्ध कृतघ्न को राजा की आज्ञापूर्वक उस अधिकार से हटाकर अपने दूसरे विश्वस्त पुरुषों द्वारा कुलरीति का सञ्चालन करे।

तद्द्रव्यमतियत्नेन रक्षणीयं तया सदा।
कुटुम्बस्य च निर्वाहस्तन्मिषेण भवेद्यथा।।५०।।

उस विधवा द्वारा वह धन सदा बहुत यत्नपूर्वक रक्षणीय है जिससे उस धन के ब्याज से कुटुम्ब का पालन हो सके।

सत्यौरसे तथा दत्ते सुविनीतेऽथवासति।
कार्ये सावश्यके प्राप्ते कुर्याद्दानाधिविक्रयम्।।५१।।

उस विधवा के उत्तम विनयवाला औरस (अपनी कोख से उत्पन्न) अथवा दत्तक पुत्र हो अथवा न हो आवश्यक कार्य आने पर वह (सम्पत्ति का) दान, धरोहर रखना अथवा विक्रय करे।

(वृ०) ननु भर्तुर्मरणादौ तद्धनस्वामित्वे कस्याधिकार इत्याह –

पति की मृत्यु आदि होने पर उसके धनस्वामित्व पर किसका अधिकार है, इसका कथन –

भ्रष्टे नष्टे च विक्षिप्ते पत्यौ[1] प्रव्रजिते[2] मृते।
तस्य निश्शेषवित्तस्याधिपा स्याद्वरवर्णिनी।।५२।।

---

१. यत्यौ भ २, यत्यौ प २।।
२. प्रवृजिते भ १, भ २, प १, प २।।

पति के पतित हो जाने, गायब हो जाने, विक्षिप्त हो जाने, संन्यास ले लेने और मृत्यु हो जाने पर उसकी सम्पूर्ण सम्पत्ति की स्वामिनी विवाहिता स्त्री हो।

कुटुम्बपालने शक्ता ज्येष्ठा या च कुलाङ्गना।
पुत्रस्य सत्त्वेऽसत्त्वे च भर्तृवत्साधिकारिणी।।५३।।

परिवार के पालन में सक्षम, जो ज्येष्ठ और कुलीन हो वह पुत्रवती हो या न हो पति की भाँति वही सम्पत्ति की अधिकारिणी है।

(वृ०) नन्वौरसपुत्राभावे तया कः पुत्रो दत्तत्वेन ग्राह्य इत्याह –

वैध पुत्र या पति से उत्पन्न पुत्र के अभाव में विधवा द्वारा किसे दत्तक पुत्र के रूप में ग्रहण करना चाहिए, इसका कथन –

भ्रातृव्यं तदभावे तु स्वकुटुम्बात्[1]मजं तथा।
असंस्कृतं संस्कृतं च तदसत्त्वे सुतासुतम्।।५४।।

बन्धुजं तदभावे तु तस्मिन्नसति गोत्रजम्।
तस्यासत्वे लघुं सप्तवर्षसंस्थं च देवरम्।।५५।।

विधवा स्वौरसाभावे गृहीत्वा दत्तरीतितः।
अधिकारपदे भर्तुः स्थापयेत्पञ्चसाक्षितः।।५६।।

यदि स दत्तकः पित्रोः प्रीत्या सेवासु तत्परः।
विनयी भक्तिनिष्ठश्च भवेदौरसवत्तदा।।५७।।

भतीजा को दत्तक पुत्र बनाये, उस (भतीजा के न होने पर) अपने परिवार की सन्तान, चाहे उसका संस्कार हुआ हो या न हुआ हो और उसके न होने पर पुत्री के पुत्र (दौहित्र) को दत्तक बनाये। उस (पुत्री के पुत्र) के अभाव में (अपने) भाई के पुत्र, भाई के पुत्र के न रहने पर अपने गोत्र में उत्पन्न और उसके न होने पर अपने सातवर्षीय कनिष्ठ देवर को विधवा अपने कोख से उत्पन्न पुत्र के अभाव में दत्तक पुत्र बनाये और उसे पति के अधिकार स्थान पर पाँच साक्षियों के समक्ष स्थापित करे। यदि वह दत्तक पुत्र विनयी और भक्तिनिष्ठ है और प्रीतिपूर्वक माता-पिता की सेवा में तत्पर है तो वह औरस (अपनी कोख से उत्पन्न) के समान ही है।

(वृ०) ननु दत्तपुत्रग्रहणे का रीतिरित्याह –

दत्तक पुत्र ग्रहण करने की क्या रीति है? यह कथन –

---

१. कटुंव भ १, भ २, कटुंब प १।।

अप्रजा मनुजः स्त्री वा गृह्णीयाद्यदि दत्तकम्।
तदा तन्मातृपित्रादेर्लेख्यं बन्ध्वादिसाक्षियुक्।।५८।।

राजमुद्राङ्कितं सम्यक्कारयित्वा कुटुम्बजान्।
ततो ज्ञातिजनांश्चैवाहूय भक्तिसमन्वितः।।५९।।

सधवागीततूर्यादिमङ्गलाचारपूर्वकम् ।
गत्वा जिनालये कृत्वा जिनाग्रे स्वस्तिकं पुनः।।६०।।

प्राभृतं च यथाशक्ति विधाय सुगुरुं तथा।
नत्वा दत्त्वा च सद्दानं व्याघुटच्च निजमन्दिरम्।।६१।।

आगत्य सर्वलोकेभ्यस्ताम्बूलश्रीफलादिकम्।
दत्वा सत्कार्यं स्वसादीन् वस्त्रालङ्करणादिभिः।।६२।।

आहूतगृह्यगुरुणा कारयेज्जातकर्म सः।
ततो जातोऽस्य पुत्रोऽयमिति लोकैर्निगद्यते।।६३।।

तदैवापणभूवास्तुग्रामप्रभृतिकर्मसु ।
अधिकारमवाप्नोति राज्यकार्येष्वयं पुनः।।६४।।

कोई निःसन्तान पुरुष अथवा स्त्री यदि दत्तक पुत्र ग्रहण करे तो उसके माता-पिता आदि से बन्धु आदि साक्षी सहित राजमुद्रा से अङ्कित दस्तावेज भली-भांति कराकर, पारिवारिक जनों और जातीय बन्धुओं को बुलाकर, भक्ति से पूर्ण हो सौभाग्यवती स्त्रियों के साथ गीत, वाद्य आदि मङ्गलाचारपूर्वक जिन मन्दिर जाकर, जिन प्रतिमा के आगे स्वस्तिक बनाकर, अपनी सामर्थ्य के अनुसार प्राभृत (उपहार) देकर, सद्गुरु की वन्दना कर और दान देकर अपने घर वापस लौटकर सभी लोगों को ताम्बूल, श्रीफल आदि देकर, सास आदि को वस्त्र और आभूषण से सम्मानित कर, कुलगुरु को बुलाकर जात कर्म सम्पन्न करना चाहिये। तत्पश्चात् लोगों द्वारा 'यह पुत्र हो गया' ऐसा कहा जाता है। इसके बाद वही पुत्र बाजार, भूमि, वास्तु, ग्राम आदि कर्मों में और राज्यकार्यों में भी अधिकार प्राप्त करता है।

(वृ०) नन्वौरसोत्पत्तौ पूर्वात्तदत्तकस्य काभागयोग्यतेत्याह –

वैध पुत्र के उत्पन्न होने पर पहले से लिए गये दत्तक पुत्र के भाग का क्या अधिकार है? यह कथन –

सवर्णास्त्र्यौरसोत्पत्तौ तुर्यांशार्हो भवत्यपि।
भोजनांशुकदानार्हा असवर्णा स्तनन्धयाः।।६५।।

(दत्तक पुत्र बनाने के पश्चात्) सवर्णा अर्थात् स्वजातीय विवाहिता स्त्री से पुत्र उत्पन्न हो तो वह दत्तक पुत्र चतुर्थ अंश का स्वामी होगा। यदि विजातीय स्त्री से पुत्र उत्पन्न हो तो (उत्पन्न पुत्र) मात्र अन्न, वस्त्र के दान का पात्र है।

(वृ०) ननु दत्तकग्रहणान्तरमौरसोत्पत्तावुणीषबन्धयोग्यता कस्येत्याशङ्कायामाह–

दत्तक ग्रहण करने के पश्चात् वैध पुत्र के उत्पन्न होने पर पगड़ी बाँधने का अधिकार किसका है इस आशङ्का के विषय में कथन –

गृहीते दत्तके जात औरसस्तर्हि बन्धनम्।
उष्णीषस्य भवेत्तस्य न हि दत्तस्य सर्वथा।।६६।।

तुरीयांशं प्रदाप्यैव दत्तः कार्यः पृथक्तदा।
पूर्वमेवोष्णीषबन्धे यो जातः स समांशभाक्।।६७।।

दत्तक ग्रहण करने के पश्चात् औरस (वैध या विवाहिता स्त्री से उत्पन्न) पुत्र हो तो उसी (पुत्र) को पगड़ी (मुकुट) बाँधा जाये, किसी भी रूप में दत्तक को नहीं। चौथा अंश देकर ही तब उसे पृथक् कर देना चाहिए। लेकिन पहले ही यदि दत्तकपुत्र को पगड़ी बाँध दी गई है तो उत्पन्न पुत्र बराबर के हिस्से का अधिकारी होगा।

(वृ०) ननु पुत्राः कतिविधाः किञ्च तल्लक्षणानीत्याह –

पुत्र कितने प्रकार के हैं और उनके लक्षण क्या हैं? यह कथन –

औरसो दत्रिमश्चेति मुख्यौ क्रीतः सहोदरः।
दौहित्रश्चेति गौणास्तु पञ्चपुत्रा जिनागमे।।६८।।

जिन प्रणीत आगम शास्त्र में पाँच प्रकार के पुत्र कहे गये हैं – (उनमें) वैधपुत्र एवं दत्तक मुख्य हैं और क्रय किया हुआ (क्रीत), सगा भाई (सहोदर) और दौहित्र (पुत्री का पुत्र) ये गौण हैं।

धर्मपत्न्यां समुत्पन्नः औरसो दत्तकस्तु सः।
यो दत्तो मातृपितृभ्यां प्रीत्या यदि कुटुम्बजः।।६९।।

क्रयक्रीतो भवेत्क्रीतः लघुभ्राता च सोदरः।
सौतः सुतोद्भवश्चेमे पुत्रा दायहराः स्मृताः।।७०।।

पौनर्भवश्च कानीनः प्रच्छन्नः क्षेत्रजस्तथा।
कृत्रिमश्चापविद्धश्च दत्तश्चैव सहोढजः।।७१।।

अष्टावमी पुत्रकल्पा जैने दायहरा न हि।
तीर्थान्तरीयशास्त्रे च कल्पिताः स्वार्थसिद्धये।।७२।।

धर्मपत्नी से उत्पन्न पुत्र औरस, परिवार में उत्पन्न शिशु जो यदि माता-पिता द्वारा प्रेमपूर्वक दिया गया हो वह दत्तकपुत्र, मूल्य देकर क्रय किया हुआ क्रीत और अनुज सोदर और पुत्री से उत्पन्न पुत्र दौहित्र – ये (पाँच प्रकार के) पुत्र पैतृक सम्पत्ति के हिस्सेदार हैं। (विधवा स्त्री से अन्य पुरुष द्वारा उत्पन्न) पौनर्भव, (अविवाहिता स्त्री से उत्पन्न) कानीन, (पर-पुरुष से उत्पन्न) प्रच्छन्न, (देवर से उत्पन्न) क्षेत्रज, (लोभ दिखाकर अपनी बनायी हुई स्त्री से उत्पन्न) कृत्रिम, (माता-पिता द्वारा त्यक्त शिशु) अपविद्ध, (माता-पिता द्वारा निष्कासित शिशु) दत्त, (गर्भवती कन्या से विवाह के उपरान्त उत्पन्न शिशु) सहोढज – ये आठ प्रकार के पुत्र जैन परम्परा में सम्पत्ति के भागी नहीं हैं, परन्तु अन्य परम्पराओं में स्वार्थसिद्धि के लिए पुत्र रूप माने गये हैं।

(वृ०) भर्तृमरणान्तरं तत्पत्न्यामन्योत्पन्नः पौनर्भवः।१।

पति की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी को पर पुरुष से उत्पन्न पुत्र पौनर्भव है।

कन्यायामुत्पन्नः कानीनः।२।

कुँवारी कन्या से उत्पन्न पुत्र कानीन है।

परपुरुषात् जीवति भर्तरि गुप्तवृत्योत्पन्नः प्रच्छन्नः।३।

पति के जीवित रहने पर अन्य पुरुष से गुप्त रीति से उत्पन्न पुत्र प्रच्छन्न है।

स्वस्त्रियां देवरात्सपिण्डजादुत्पन्नः क्षेत्रजः।४।

अपनी स्त्री से सपिण्ड देवर (पति के भाई) से उत्पन्न पुत्र क्षेत्रज है।

ग्रामादिजीविकालोभदर्शनेन स्वायत्तीकृतः कृत्रिमः। ५।

कोई ग्रामीण जो जीविका आदि का लोभ दिखाकर अपने अधीन कर लिया गया हो वह कृत्रिम पुत्र है।

मातृपितृत्यक्तशिशुरनेन केनापि गृहीतोऽपविद्धः।६।

माता-पिता द्वारा त्यक्त शिशु जिस किसी के द्वारा ग्रहण कर लिया गया हो वह अपविद्ध है।

मातृपितृनिष्कासितः तद्वर्जितो वा स्वयमागतो दत्तः।७।

माता-पिता द्वारा निष्कासित, त्याग किया हुआ अथवा स्वयं आया हुआ पुत्र दत्त कहलाता है।

सगर्भाकन्याविवाहोत्तरकालजातः सहोढजः।८।

गर्भवती कन्या का विवाह के पश्चात् उत्पन्न पुत्र सहोढज है।

एतेऽष्टावपि भेदा अन्यतीर्थीदायादाः पिण्डदाश्चोक्ता जैनशास्त्रे जारजादिदोषगर्भितत्वेन न दायादाश्चेति।

(ऊपर गिनाये गये) ये आठ भेद अन्य मत वालों के द्वारा सम्पत्ति के अधिकारी और पितरों को पिण्ड देने वाले कहे गये हैं। जैन शास्त्र में (जार अर्थात् उपपति से उत्पन्न होने से) जारजादि दोष से युक्त होने के कारण दाय के अधिकारी नहीं गिने जाते हैं।

(वृ०) ननु स्वामिमरणानन्तरं तद्धनस्वामित्वं केन क्रमेण स्यादित्याह–

स्वामी के मरने के पश्चात् उसके धन का स्वामित्व किस क्रम से हो, इसका कथन–

पत्नी पुत्रश्च भ्रातृव्यः सपिण्डश्च दुहितृजः।
बन्धुजो गोत्रजश्च स्वस्वामी स्यादुत्तरोत्तरम्।।७३।।

तदभावे च ज्ञातियैस्तदभावे महीभुजा।
तद्धनं सफलं कार्यं धर्ममार्गे प्रदाय च।।७४।।

(स्वामी की मृत्यु के पश्चात्) उसकी सम्पत्ति के स्वामी उत्तरोत्तर उसकी पत्नी, पुत्र, भतीजा, सपिण्ड – पितरों को पिण्ड देने वाला, दौहित्र, निकट सम्बन्धी और सगोत्रीय होगें। सगोत्रीय के न होने पर जातीय और उसके न होने पर राजा धर्म मार्ग में उसके धन को प्रदान कर उसे सफल बनाये।

(वृ०) मृतभर्तृद्रव्यस्य सर्वस्य पूर्वं स्त्री स्वामिनी,

मरे हुए पति के समस्त द्रव्य की स्वामिनी पहले पत्नी,

तदभावे पुत्रः,

उस (पत्नी) के अभाव में पुत्र,

तदभावे भ्रातृजः,

उस (पुत्र) के अभाव में भतीजा,

तदभावे सपिण्डः आसप्तमपुरुषवंश्यः,

उस (भतीजे) के अभाव में सपिण्ड – समान पितरों को पिण्ड देने वाला सात पीढ़ी तक के वंशज,

तदभावे दौहितः,

उस (सपिण्ड) के अभाव में दौहित्र–पुत्री का पुत्र,

तदभावे बन्धुजः आचतुर्दशपुरुषवंश्यः,

उस (दौहित्र) के अभाव में बन्धुज – चौदहवीं पीढ़ी तक स्वामी का वंशज अधिकारी होता है।

तदभावे गोत्रजः,

उस (बन्धुज) के अभाव में गोत्र में उत्पन्न हुआ पुरुष स्वामी होता है।

पूर्वाभावे परः स्वामी भवति।

इस प्रकार पूर्व के अभाव में बाद वाला स्वामी होता है।

एतेषामभावे ज्ञातिजनाः

इनके अभाव में जाति के पुरुष अधिकारी होते हैं।

सर्वेषामभावे नृपेण च मृतद्रव्यं धर्मकार्ये प्रयोक्तव्यम्।

इन सबका अभाव हो तो राजा द्वारा मृतक के धन को धार्मिक कार्य में प्रयोग करना चाहिए।

ननु विधवास्त्री ज्येष्ठदेवरादिभ्यो यदि प्रतिकूला कुशीला वा स्यात् तदा किं कर्त्तव्यमित्याह –

यदि विधवा स्त्री ज्येष्ठ (पति के अग्रज) और देवर (पति के अनुज) से विरुद्ध हो, अमर्यादित अथवा दुराचरण करने वाली हो तो क्या करना चाहिए, इसका कथन –

प्रतिकूला कुशीला च निर्वास्या विधवापि सा।
ज्येष्ठदेवरतत्पुत्रैः कृत्वान्नादिनिबन्धनम्।।७५।।

यदि विधवा प्रतिकूल और कुत्सित आचरण वाली हो तो अन्न आदि का प्रबन्ध कर ज्येष्ठ, देवर और उस (विधवा) के पुत्रों द्वारा उसे (घर से) निष्कासित करना चाहिए।

(वृ०) अधिकारच्युतौ यदि कियता कालेन सा सुचरिता स्यात् तदा पुनरप्यधिकारं प्राप्नुयादिति विशेषः यदुक्तम् –

अधिकार से रहित करने के कुछ समय बाद वह विधवा अच्छे आचरण वाली बन जाय तो दुबारा अधिकार प्राप्त करे यह विशेष है जैसा कि कहा गया है–

सुशीलाप्रजसः [१]पोष्या योषितः साधुवृत्तयः।
प्रतिकूला च निर्वास्या दुश्शीला व्यभिचारिणी।।७६।।

---

१. योव्यपोषितः भ १, योव्यप्पोषितः भ २, प १, प २।।

उत्तम आचारण वाली, सच्चरित्रा, स्त्रियों का पोषण करना चाहिए, (मर्यादा के) विरुद्ध कुत्सित आचरण वाली और दुश्चरित्र स्त्री को घर से निकाल देना चाहिए।

(वृ०) नन्वप्रजा विधवा भूतावेशादिदोषसद्भावेन यदि स्वरक्षाकरणेऽसमर्थो तदा केन तद्रक्षा विधेयेत्याह –

यदि सन्तान रहित विधवा भूत आदि से आविष्ट होने के कारण अपनी रक्षा करने में असमर्थ हो तब उसकी रक्षा किसके द्वारा की जानी चाहिए, इसका कथन–

भूतावेशादिविक्षिप्तात्युग्रव्याधिसमन्विता ।
वातादिदूषिताङ्गा च मूकान्धास्पष्टभाषिणी।।७७।।

मदान्धा स्मृतिहीना च धनं स्वीयं कुटुम्बकम्।
त्रातुं न हि समर्था या सा पोष्या ज्येष्ठदेवरैः।।७८।।

भूत-पिशाच आदि की पीड़ा से विक्षिप्त, अत्यन्त गम्भीर रोग से पीड़ित, वायु आदि से दूषित अङ्ग वाली, गूंगी, अन्धी, अस्पष्ट बोलने वाली, मदान्ध, स्मरणशक्ति खोने वाली विधवा यदि धन से अपने कुटुम्ब की रक्षा करने में असमर्थ है तो ज्येष्ठ और देवर द्वारा उसका पालन किया जाना चाहिए।

भ्रातृजैश्च सपिण्डैश्च बन्धुभिर्गोत्रजैस्तथा।
ज्ञातिजैर्रक्षणीयं तद्धनं चातिप्रयत्नतः।।७९।।

भाई के पुत्रों (भतीजों), सपिण्ड पुरुषों (सात पीढ़ी तक स्वामी की वंश परम्परा में उत्पन्न), बन्धुज (चौदहवीं पीढ़ी तक स्वामी की वंशपरम्परा में उत्पन्न) और अपने गोत्रीय सजातीय लोगों द्वारा उसके धन की अत्यधिक प्रयत्न से रक्षा की जानी चाहिए।

(वृ०) अत्राप्यसत्वेन प्रतिकूलतया वा पूर्वाभावे परैरिति बोध्यम्।

इस स्थिति में अभाव से अथवा विपरीत स्थिति होने पर पहले के अभाव में बाद के द्वारा (उसके धन की रक्षा की जानी चाहिए) यह जानना चाहिए।

नन्वनपत्यविधवाग्रहणे तत्पितृपक्षीयानामपि कोप्यधिकारोऽस्ति न वेत्याह–

सन्तानहीन विधवा का धन ग्रहण करने में उसके पितृपक्ष वालों का भी कोई अधिकार है अथवा नहीं, इसका कथन–

यच्च दत्तं स्वकन्यायै यज्जामातृकुलागतम्।
तद्धनं न हि गृह्णीयात् कोऽपि पितृकुलोद्भवः।।८०।।

जो सम्पत्ति अपनी कन्या को दे दिया है और जो जामाता के परिवार से प्राप्त हुई है वह धन (विधवा के) पिता के कुल में उत्पन्न कोई भी ग्रहण न करे।

[1]किन्तु त्राता न कोऽपि स्यात्तदा तां तद्धनं तथा।
रक्षेत्तस्या मृतौ तच्च धर्ममार्गे नियोजयेत्।।८१।।

परन्तु (उस विधवा का) कोई रक्षक न हो तब उसकी तथा उसके धन की रक्षा करनी चाहिए और उस (विधवा) की मृत्यु हो जाने पर धन का धर्म के मार्ग में उपयोग करना चाहिए।

(वृ०) असुरादिपापविवाहविवाहितकन्याधनं तु पुत्राभावे मातृपितृभ्रातरो गृह्णन्ति तैरदत्वादितिविशेषः।

असुरादि पापविवाह अर्थात् जिन विवाहों में कन्यादान आदि सम्पन्न न किया गया हो ऐसे विवाह द्वारा विवाहित पुत्ररहित कन्या के धन को माता-पिता और भाई ग्रहण करते हैं क्योंकि उनके द्वारा कन्यादान नहीं किया गया है।

ननु मातृसत्वे पुत्रस्य कियानधिकार इत्याह –

माता के होने पर पुत्र का कितना अधिकार, इसका कथन –

आत्मजो दत्त्रिमादिश्च विद्याभ्यासैकतत्परः।
मातृभक्तियुतः शान्तः सत्यवक्ता जितेन्द्रियः।।८२।।

समर्थो व्यसनापेतः कुर्याद्रीतिं कुलागताम्।
कर्तुं शक्तो विशेषं नो मातुराज्ञां विमुच्य वै।।८३।।

विवाहिता पत्नी से उत्पन्न पुत्र, दत्तकादि पुत्र, विद्याभ्यास में तल्लीन, मातृ की भक्ति वाला, शान्त, सत्यवादी, जितेन्द्रिय, समर्थ (सोलह वर्ष से अधिक), व्यसन रहित, कुलपरम्परा से प्राप्त परिपाटियों का पालन करने वाला, माता की आज्ञा को छोड़कर कुछ विशेष करने में समर्थ नहीं है।

(वृ०) अत्र समर्थ इति षोडशवर्षातिगो ज्ञेयस्तदन्तर्बालभवेनासमर्थत्वात्।

प्रस्तुत श्लोक में समर्थ शब्द सोलह वर्ष से अधिक के लिये जानना चाहिए उसके अन्दर (कम) बालक रूप असमर्थ होने से।

ननु जननीसत्वे पुत्रः पैत्र्यपैतामहादिवस्तूनां दानं विक्रयं वा किं कर्तुं शक्नोतीत्याह –

माता के होने पर पिता अथवा पितामह की वस्तुओं का दान अथवा विक्रय करने में पुत्र समर्थ है अथवा नहीं, इसका कथन –

---

१. न किन्तु त्राता न भ १, भ २, प २, ना किन्तु त्राता न प १।।

पितुर्मातुर्द्वयोःसत्त्वे पुत्रैः कर्तुं न शक्यते।
पित्रादिवस्तुजातानां सर्वथा दानविक्रये।।८४।।

माता और पिता दोनों के (जीवित) रहने पर पिता द्वारा उपार्जित वस्तुओं का किसी भी स्थिति में दान और विक्रय पुत्र द्वारा नहीं किया जा सकता।

(वृ०) ननु औरसो दत्तको वा यदि प्रतिकूलः स्यात्तर्हि मातृपितृभ्यां किं कर्त्तव्यमित्याह –

वैध पुत्र अथवा दत्तक पुत्र यदि विरोधी हो जाय तो माता-पिता को क्या करना चाहिए? इसका कथन –

पितृभ्यां प्रतिकूलःस्यात्पुत्रो दुष्कर्मयोगतः।
ज्ञातिधर्माचारभ्रष्टोऽथवा व्यसनतत्परः।।८५।।

सम्बोधितोऽपि सद्वाक्यैर्न त्यजेद्दुर्मतिं यदि।
तदा तद्वृत्तमाख्याय ज्ञातिराज्याधिकारिणः।।८६।।

तदीयाज्ञां गृहीत्वा च सर्वैः कार्यो गृहाद्बहिः।
तस्याभियोगः कुत्रापि श्रोतुं योग्यो न कर्हिचित्।।८७।।

पुत्र पापकार्यों के सम्पर्क से माता-पिता के प्रतिकूल आचरण करे, जाति-धर्म के आचार से भ्रष्ट हो गया हो अथवा बुरी आदतों में संलग्न हो, सत्परामर्श दिये जाने पर भी यदि दुर्बुद्धि का त्याग नहीं करता है तो उसका आचरण जाति तथा राज्य के अधिकारियों को बताकर और उस (राज्याधिकारी) की आज्ञा लेकर सब लोग उसे घर से बहिष्कृत करें। बहिष्कृत किये जाने पर उसका आरोप कहीं भी सुने जाने योग्य नहीं है।

पुत्रीकृत्य स्थापनीयोऽन्यं डिम्भं सुकुलोद्भवम्।
विधीयते सुखार्थं हि चतुर्वर्णेषु सन्ततिः।।८८।।

(पुत्र को घर से बहिष्कृत कर) अच्छे कुल में उत्पन्न दूसरे शिशु को पुत्र रूप में स्थापित करना चाहिए। निश्चित रूप से चारों ही वर्णों में सन्तान सुख के लिए होता है।

(वृ०) नन्वविभक्तेषु भ्रातृष्वेको दीक्षां गृह्णाति तदा तद्भागग्रहणे तत्पत्नी शक्ता न वेत्याह –

अविभाजित भाइयों में से एक भाई दीक्षा ग्रहण कर लेता है तब उसका भाग ग्रहण करने में उसकी पत्नी सक्षम है या नहीं, इसका कथन –

परिव्रज्या[१]गृहीतैकेनाविभक्तेषु बन्धुषु।
विभागकाले तद्भागं तत्पत्नी लातुमर्हति।।८९।।

भाइयों में सम्पत्ति का विभाजन न हुआ हो और एक भाई दीक्षा ग्रहण कर ले तो विभाजन के समय उसका हिस्सा ग्रहण करने की अधिकारिणी उसकी पत्नी है।

(वृ०) एवमेव तत्पुत्रोऽपि मात्रभावे भागग्रहणेऽधिकारीति ज्ञेयम्।

इसी प्रकार उस (दीक्षा ग्रहण करने वाले) का पुत्र भी माता के न होने (मृत्यु हो जाने) पर हिस्सा (पिता की सम्पत्ति) ग्रहण करने का अधिकारी है – ऐसा जानना चाहिए।

ननु विभक्तेषु भ्रातृषु यदि कोऽपि विपक्षः प्रव्रजितो वा तदा तद्धनं के गृह्णन्तीत्याह–

भाइयों में विभाजन हो जाने पर यदि कोई भाई मृत्यु को प्राप्त हुआ हो अथवा दीक्षा ग्रहण कर लिया हो तो उसकी सम्पत्ति कौन ग्रहण करेगा, यह कथन–

पुत्रस्त्रीवर्जितः कोऽपि मृतः प्रव्रजितोऽथवा।
सर्वे तद्भ्रातरस्तज्जा गृह्णीयुस्तद्धनं समम्।।९०।।

पत्नी और पुत्र से रहित दीक्षा ग्रहण कर लेने वाले अथवा मृत पुरुष का धन उसके सभी भाई एवं भतीजे द्वारा बराबर-बराबर ग्रहण किया जाना चाहिये।

(वृ०) ननु भ्रातृषून्मत्तत्वादिदोषाप्तस्यापि किं भागार्हत्वमित्याह।

भाइयों में से विक्षिप्त या पागलपन आदि दोष से युक्त भाई भी क्या सम्पत्ति में हिस्से के योग्य है, यह कथन –

उन्मत्तो व्याधितः पङ्गुः षण्डोऽन्धःपतितो जडः।
स्रस्ताङ्गः पितृविद्वेषी मुमूर्षुर्बधिरस्तथा।।९१।।
मूकश्च मातृविद्वेषी महाक्रोधो निरिन्द्रियः।
दोषत्वेन न भागार्हाः पोषणीयाः स्वभ्रातृभिः।।९२।।

पागल, रोगग्रस्त, लंगड़ा, नपुंसक, अन्धा, आचारभ्रष्ट, मूर्ख, शिथिल अङ्गों वाला, पिता से शत्रुता रखने वाला, मरने की इच्छा वाला, गूँगा, माता से वैर रखने वाला, महाक्रोधी, विकलाङ्ग दोष वाला (पिता की सम्पत्ति में) हिस्से का अधिकारी नहीं है। उसके भाइयों द्वारा उसका पोषण किया जाना चाहिए।

---

१. गृहीतृ भ १, भ २, प १, प २।।

एषां तु पुत्रपत्न्यश्चेच्छुद्धा भागमवाप्नुयुः।
दोषस्यापगमे त्वेषां भागार्हत्वं प्रजायते।।९३।।

इन (दोषयुक्त पुत्रों) के यदि पुत्र और पत्नी शुद्ध हों तो वे (सम्पत्ति में) हिस्सा प्राप्त करें। इन (दोषयुक्त पुत्रों) का दोष दूर हो जाने पर इनमें हिस्सा प्राप्त करने की योग्यता उत्पन्न हो जाती है।

(वृ०) ननु विवाहितोऽपि दत्तको यदि मातृपितृभ्यां प्रतीपः स्यात्तदा किं कार्यमित्याह–

यदि गोद लिया हुए पुत्र का विवाह हो गया हो और वह माता-पिता के विरुद्ध हो जाय तो क्या करना चाहिए, इसका कथन –

विवाहितोऽपि चेद्दत्तः पितृभ्यां प्रतिकूलभाक्।
भूपाज्ञापूर्वकं सद्यो निस्सार्यो जनसाक्षितः।।९४।।

यदि दत्तक पुत्र विवाह के बाद भी माता-पिता की आज्ञा के विरुद्ध आचरण करने वाला हो जाये तो राजा की आज्ञा लेकर लोगों को साक्षी बनाकर उसे शीघ्र निष्कासित कर देना चाहिए।

(वृ०) ननु कोऽपि पत्नीपुत्रभ्रातृसम्मतिमन्तरा पैतामहं धनं कस्मैचिद्दातुमीश्वरः स्यान्न वा इत्याह –

कोई व्यक्ति पितामह के धन को पत्नी, पुत्र और भाई की सहमति के विना किसी को देने में समर्थ है या नहीं, यह कथन–

पैतामहं वस्तुजातं दातुं शक्तो न कोऽपि हि।
अनापृच्छ्य निजां पत्नीं पुत्रान् भ्रातृगणं च वै।।९५।।

पितामहार्जिते द्रव्ये निबन्धे च तथा भुवि।
पितुः पुत्रस्य स्वामित्वं स्मृतं साधारणं यतः।।९६।।

पितामह (दादा या पितरों) द्वारा उपार्जित वस्तुओं को अपनी पत्नी, पुत्र और भाइयों से पूछे बिना किसी को नहीं दे सकता क्योंकि पितामह द्वारा अर्जित द्रव्य, जागीर तथा भूमि पर पिता और पुत्र का अधिकार सामान्य रूप से कहा गया है।

(वृ०) ननु बहुस्त्रीष्वेकस्याः पुत्रो जातोऽस्ति स एव सर्वपुत्रवतीनां धनस्य स्वामी स्याद्वा नेत्याह –

(किसी पुरुष की) बहुत सी स्त्रियों में से एक को पुत्र उत्पन्न हुआ हो तो वही (पुत्र) सभी माताओं के धन का स्वामी हो अथवा नहीं, इसका कथन –

जातेनैकेन पुत्रेण पुत्रवत्योऽखिलाः स्त्रियः।
अन्यतरस्या अपुत्राया मृतौ स तद्धनं हरेत्।।९७।।

एक पुरुष की कई पत्नियों में से एक पत्नी से पुत्र उत्पन्न होने पर सभी पत्नियाँ पुत्रवती कही जाती हैं। पुत्र रहित अन्य पत्नी की मृत्यु होने पर उसका धन वह पुत्र ग्रहण करे।

(वृ०) एक एव पुत्रो दुहित्रभावे सर्वासामनपत्यानां धनस्य स्वामी स्यादिति।

(इसमें अपवाद यह है कि पुत्ररहित) स्त्रियों के पुत्री न होने पर एक ही पुत्र सभी निःसन्तान स्त्रियों की सम्पत्ति का स्वामी हो।

ननु पैतामहे द्रव्ये पौत्राणां भागः कथं स्यादित्याह –

पितामह की सम्पत्ति में पौत्रों का भाग किस प्रकार हो, इसका कथन –

पैतामहे च पौत्राणां भागाः स्युः पितृसंख्यया।
पितुर्द्रव्यस्य तेषां तु संख्यया भागकल्पना।।९८।।

पितामह की (सम्पत्ति में) पिता की संख्या की दृष्टि से पौत्रों का हिस्सा हो और पिता के धन में उन पुत्रों की संख्या की दृष्टि से हिस्सा हो।

(वृ०) ननु बहुषु भ्रातृष्वेकस्य पुत्रोत्पत्तावपरेषां तु पुत्राभावे किं स एव सर्वधन- स्वामी स्यादित्याह –

बहुत से भाइयों में से एक के पुत्र होने पर और अन्य के पुत्र न होने पर क्या वही सब के धन का स्वामी हो, यह कथन –

पुत्रस्त्वेकस्य सञ्जातः सोदरेषु च भूरिषु।
तदा तेनैव पुत्रेण ते सर्वे पुत्रिणः स्मृताः।।९९।।

बहुत से सहोदर भाइयों में से एक भाई के ही पुत्र उत्पन्न हुआ हो तब सभी भाई उसी पुत्र के कारण ही पुत्रवान कहे जाते हैं।

(वृ०) अत्रपुत्रत्वसम्बन्धप्रतिपादनेन सर्वधनस्वामी स एवैकः पुत्रः स्यादित्यावेदितम्।

उपर्युक्त श्लोक में पुत्र-सम्बन्ध के प्रतिपादन से सम्पूर्ण सम्पत्ति का स्वामी वही पुत्र हो, यह प्ररूपित किया।

नन्वविभक्तकुलक्रमागतद्रव्ये श्वश्रूसत्वे पुत्रवध्वाः कीदृशोऽधिकार इत्याह–

अविभाजित वंश-परम्परा से प्राप्त सम्पत्ति में सास के होने पर पुत्र-वधू का किस रूप में अधिकार होता है, यह कथन –

अविभक्तं क्रमायातं श्वसुरस्वं न हि प्रभुः।
कृत्ये निजे व्ययीकर्तुं सुतसम्मतिमन्तरा।।१००।।

पुत्र की स्वीकृति के बिना पुत्रवधू वंश-क्रम से प्राप्त, श्वसुर की अविभाजित सम्पत्ति को व्यक्तिगत कार्य के लिए व्यय करने की अधि- कारिणी नहीं है।

[1]विभक्ते तु व्ययं कुर्याद् धर्मादिषु यथारुचि।
तत्पत्न्यपि मृतौ तस्य कर्तुं शक्ता न तद्व्ययम्।।१०१।।

(सम्पत्ति का) विभाजन हो जाने पर पत्नी, धर्मादि कार्यों में अपनी रुचि के अनुसार व्यय करे लेकिन (पति) की मृत्यु हो जाने पर वह भी उस सम्पत्ति का व्यय करने की अधिकारिणी नहीं है।

निर्वाहमात्रं गृह्णीयात् तद्द्रव्यस्य च मिषतः।
प्राप्तोऽधिकारं सर्वत्र द्रव्ये व्यवहृतौ सुतः।।१०२।।

अपने निर्वाह मात्र हेतु उस धन का ब्याज रूप ग्रहण करे। मूलधन पर सर्वत्र अधिकार (मृतक के) पुत्र को है।

तथापीशो व्ययं कर्तुं न ह्यम्बानुमतिं विना।
सुते परासौ तत्पत्नी भर्तुर्धनहरी स्मृता।।१०३।।

तब भी माता की आज्ञा बिना वह पुत्र (धन) व्यय करने का अधिकारी नहीं है, पुत्र की मृत्यु के पश्चात् उसकी पत्नी पति के धन को ग्रहण करने वाली कही गई है।

यदि सा शुभशीला स्त्री श्वश्रूनिर्देशकारिणी।
कुटुम्बपालने शक्ता स्वधर्मनिरता[2] सदा।।१०४।।
सानुकूला च सर्वेषां भर्तुर्मचकसेविका।
श्वश्रूं याचेत पुत्रं हि विनयानतमस्तका।।१०५।।
न हि सापि व्ययं कर्तुं समर्था तद्धनस्य वै।
निजेच्छया निजां श्वश्रूमनापृच्छ्य च कुत्रचित्।।१०६।।

शुभ आचरणवाली, सास की आज्ञा का पालन करने वाली, परिवार के पालन में समर्थ, सदा अपने कर्त्तव्य में लीन, सभी कुटुम्बियों के अनुकूल आचरणवाली और पति-शय्या का सेवन करने वाली, पुत्रवधू अपनी सास एवं पुत्र से विनय से अवनत मस्तक वाली हो याचना करे। परन्तु वह उस धन को कभी सास से पूछे बिना अपनी इच्छा से व्यय करने में समर्थ नहीं है।

(वृ०) विभक्तधनव्ययीकरणे तु सर्वेषामधिकारोऽस्त्येवेति।

---

१. विभक्तं भ १, भ २, प १, प २।।
२. ०तासमा भ १, भ २, प १, प २।।

विभाजित धन को व्यय करने का तो सभी को अधिकार है ही।

ननु यदि पूर्वोक्तगुणयुक्ता विधवावधूर्नस्यात्तदा श्वश्रूसत्वे तस्याः श्वसुरस्थापितद्रव्ये कियानधिकार इत्याह –

यदि विधवा वधू ऊपर वर्णित गुणों से युक्त न हो तो सास के रहने पर श्वसुर द्वारा अर्जित सम्पत्ति में उसका कितना अधिकार हो, इसका कथन–

श्वशुरस्थापिते द्रव्ये श्वश्रूसत्त्वेऽधवा वधूः।
नाधिकारमवाप्नोति भुन्क्त्याच्छादनमन्तरा।।१०७।।

श्वसुर द्वारा अर्जित सम्पत्ति में सास के विद्यमान रहने पर विधवा पुत्रवधुओं को भोजन एवं वस्त्र के अतिरिक्त और कोई अधिकार प्राप्त नहीं होता है।

दत्तगृहादिकं सर्वं कार्यं श्वश्रूमनोनुगम्।
करणीयं सदा वध्वा श्वश्रूर्मातृसमा यतः।।१०८।।

सास द्वारा इच्छानुसार दिये गये सभी गृहकार्यों को वधू द्वारा किया जाना चाहिए क्योंकि सास माँ के समान है।

(वृ०) नन्वपुत्रस्य समातृकस्य सपत्नीकस्य पञ्चत्वे कस्याः पुत्रग्रहणाधिकारोऽस्ति इत्याह –

माता तथा पत्नी के जीवित रहने पर पुरुष की पुत्ररहित ही मृत्यु हो जाने पर माता तथा पत्नी में से दत्तक पुत्र ग्रहण करने का अधिकार किसका है, यह कथन–

गृह्णीयादत्तकं पुत्रं पतिवद्विधवा वधूः।
न शक्ता स्थापितुं तं च श्वश्रूर्निजपतेः पदे।।१०९।।

विधवा पुत्रवधू पति रूप में दत्तक ग्रहण कर सकती है किन्तु सास अपने पति के रूप में दत्तक स्थापित नहीं कर सकती है।

(वृ०) ननु श्वश्रूश्वशुरहस्तगतं स्वभर्तृद्रव्यं विधवावधूर्गृहीतुं शक्ता न वेत्याह –

सास और श्वसुर के अधिकार में गये अपने पति के धन को विधवा-वधू ग्रहण कर सकती है अथवा नही, यह कथन –

स्वभर्त्रोपार्जितं द्रव्यं श्वश्रूश्वशुरहस्तगम्।
विधवासुं न शक्ता तत्स्वामिदत्ताधिपैव हि।।११०।।

अपने पति द्वारा उपार्जित जो धन सास और श्वसुर के हाथ चला गया है उस धन को प्राप्त करने की विधवा अधिकारिणी नहीं है। उसके पति द्वारा जो धन उसे दिया गया है उस धन की अधिकारिणी है।

(वृ०) ननु जनको मातृपुत्रो विरुद्धस्वभावत्वेन विभज्य पृथक् कृत्वा च परलोकं गतः पश्चात् पुत्रेऽपि निस्सन्ताने मृते तद्भागं को गृह्णीयादित्याह –

माता और पुत्र के विरुद्ध स्वभाव के कारण पिता, उनको विभाजित कर और अलग कर दिवङ्गत हो गया हो और बाद में पुत्र के भी सन्तान रहित मर जाने पर उसके हिस्से को कौन ग्रहण करे, इसका कथन –

अपुत्रपुत्रमरणे तद्द्रव्यं लाति तद्वधूः।
तन्मृतौ तस्य द्रव्यस्य श्वश्रूः स्यादधिकारिणी।।१११।।

यदि पुत्र की बिना पुत्र के मृत्यु हो जाये तो उसका धन वधू ग्रहण करती है। वधू की मृत्यु हो जाने पर श्वास उसके धन की अधिकारिणी होती है।

(वृ०) ननु पत्युपार्जितं धनं श्वश्रूसत्वे विधवावधूः व्ययीकर्तुं शक्नोति न वेत्याह–

पति द्वारा उपार्जित धन को सास के रहने पर विधवा वधू व्यय कर सकती है या नही, इसका कथन –

रमणोपार्जितं वस्तु जङ्गमस्थावरात्मकम्।
देवयात्राप्रतिष्ठादिधर्मकार्ये च सौहृदे।।११२।।

श्वश्रूसत्त्वे व्ययीकर्तुं शक्ता चेद्विनयान्विता।
कुटुम्बस्य प्रिया नारी वर्णनीयान्यथा न हि।।११३।।

विनयशील, परिवार की प्रिय और प्रशंसनीय नारी (विधवा पुत्रवधू) सास के रहने पर पति द्वारा उपार्जित चल-अचल सम्पत्ति का धार्मिक यात्रा, प्रतिष्ठादि धर्म-कार्य तथा मित्रों के कार्य में व्यय कर सकती है (विनयशीलता आदि के) अभाव में नहीं।

(वृ०) ननु काचिदप्रजा विधवा पुत्रीप्रेमतो दत्तकमनादाय मृता तदा तद्धनस्वामिनी तत्सुता जाता तस्यामपि परेतायां तद्धनस्वामी कः स्यादित्याह –

कोई सन्तानरहित विधवा पुत्री के प्रेम के कारण विना पुत्र गोंद लिए ही मृत्यु को प्राप्त हो जाय तब उसके धन की स्वामिनी उसकी पुत्री हुई, उसके भी मरने पर उस धन का स्वामी कौन हो, यह प्ररूपण –

अनपत्ये मृते पत्यौ सर्वस्य स्वामिनी वधूः।
सापि दत्तमनादाय स्वपुत्रीप्रेमपाशतः।।११४।।

ज्येष्ठादिपुत्रदायादाभावे पञ्चत्वमागता।
चेत्तदा स्वामिनी पुत्री भवेत्सर्वधनस्य च।।११५।।

तन्मृतौ तद्धवः स्वामी तन्मृतौ तत्सुतादयः।
पितृपक्षीयलोकानां न हि तत्राधिकारिता।।११६।।

पति की पुत्ररहित मृत्यु हो जाने पर उसके सम्पूर्ण धन की स्वामिनी उसकी पत्नी होती है। यदि वह विधवा वधू अपनी पुत्री के प्रेमबन्धन के कारण दत्तक न लेकर और ज्येष्ठ आदि के पुत्र और दामाद के अभाव में मृत्यु को प्राप्त हो जाती है तो उसकी पुत्री सम्पूर्ण सम्पत्ति की स्वामिनी होती है। उस (पुत्री) की मृत्यु होने पर उसका पुत्र स्वामी होता है, उस (पुत्र) के मरने पर उसके पुत्रादि (स्वामी होते हैं) पुत्री के पितृपक्ष के लोगों का स्वामित्व नहीं होता है।

(वृ०) नन्वत्र के दायानधिकारिण इत्याह –

उपरोक्त स्थिति में कौन धन का अधिकारी हो, इसका कथन –

जामाता भागिनेयश्च श्वश्रूश्चैव कथञ्चन।
नैवैतेऽत्र दायादाः परगोत्रत्वभावतः।।११७।।

जामाता (दामाद) और भानजा अन्य गोत्रीय होने के कारण कभी सास के दाय के अधिकारी नहीं होंगे।

साधारणं च यद्द्रव्यं तद्भ्राता कोऽपि गोपयेत्।
भागयोग्यः स नास्त्येव प्रत्युतो राज्यदण्डभाक्।।११८।।

जो संयुक्त धन किसी भाई ने यदि छिपा लिया है तो वह हिस्से का अधिकारी तो नहीं ही है बल्कि राजदण्ड का भागी है।

सप्तव्यसनसंसक्ताः सोदरा[1] भागभागिनः।
न भवन्ति यतो दण्डचा धर्मभ्रंशेन सज्जनैः।।११९।।

सात दुर्व्यसनों में लिप्त सहोदर सम्पत्ति के भागी नहीं होते हैं क्योंकि धर्मभ्रष्ट होने से वे सज्जनों द्वारा दण्डनीय हैं।

(वृ०) ननु कयाचिदनपत्यया दत्तकमादाय स्वाधिकारो दत्तः स चाविवाहित एव मृतः तत्पदेऽन्यपुत्रस्थापनयोग्यता विधवाया अस्ति न वेत्याह–

किसी सन्तानरहित विधवा ने पुत्र गोंद लेकर उसे अपना सब अधिकार दे दिया, वह दत्तकपुत्र अविवाहित ही मृत्यु को प्राप्त हो जाये तो उसके स्थान पर दूसरे दत्तकपुत्र को स्थापित करने का अधिकार विधवा का है या नहीं, इसका कथन –

---

१. सौदरा भ १, भ २, प २।।

गृहीत्वा दत्तकं पुत्रं स्वाधिकारं प्रदाता।
तस्मायात्मीयवित्तेषु स्थिता स्वस्वधर्मका।।१२०।।

कालचक्रेण सोऽनूढः चेन्मृतो दत्तकस्तदा।
न शक्ता स्थापितुं सा हि तत्पदे चान्यदत्तकम्।।१२१।।

दत्तक पुत्र ग्रहणकर अपने धन का अधिकार सब प्रकार उसे सौंप कर कोई विधवा स्वयं धर्मकार्य में तत्पर हो जाये। समय के प्रभाव से वह दत्तक अविवाहित ही यदि मृत्यु को प्राप्त हो जाये तो उसकें स्थान पर वह अन्य दत्तक स्थापित करने की अधिकारिणी नहीं है।

जामातृभागिनेयेभ्यः सुतायै ज्ञातिभोजने।
अन्यस्मिन्[१] धर्मकार्ये वा दद्यात्स्वं यथारुचि।।१२२।।

दामाद, भागिनेय, पुत्री और जाति भोजन अथवा दूसरे धार्मिक कार्य में वह अपनी रुचि के अनुसार धन दे।

युक्तं वै स्थापितुं पुत्रं स्वीयभर्तृपदे तया।
कुमारस्य पदे नैव स्थापनाज्ञा जिनागमे।।१२३।।

उस (विधवा) के द्वारा अपने स्वामी पद पर दत्तक स्थापित करना युक्तिसङ्गत है। परन्तु उसके द्वारा कुमार अर्थात् पुत्र के पद पर स्थापना की आज्ञा जैन आगम में नहीं है।

(वृ०) ननु विधवा विभक्ताविभक्ता वा पुत्रेऽसति सति व्ययं दानं विक्रयादि च कर्तुं समर्था न वेत्याह –

विधवा विभाजित अथवा संयुक्त (रूप से रह रही हो) पुत्रवती हो अथवा पुत्र रहित वह अपनी सम्पत्ति को व्यय करने, दान देने अथवा विक्रय करने में समर्थ है अथवा नहीं, इसका कथन –

विधवा हि विभक्ता चेत् व्ययं कुर्यात् यथेच्छया।
प्रतिषेद्धा न कोऽप्यत्र दायादश्च कथंचन।।१२४।।

यदि विभाजन हो गया है तब वह विधवा अपनी इच्छानुसार व्यय करे इसमें कोई दायाद (पैतृक सम्पत्ति का हिस्सेदार) बाधा डालने वाला न हो।

अविभक्ता सुताभावे कार्ये त्वावश्यकेऽपि वा।
कर्तुं शक्ता स्ववित्तस्य दानमाधिं च विक्रयम्।।१२५।।

यदि विभाजन न हुआ हो तो विधवा पुत्र के अभाव में आवश्यक कार्य

---

१. अन्यस्मै भ १, भ २, प १, अन्यसो प २।।

पड़ने पर अपने धन को दान करने, गिरवी रखने और विक्रय करने की अधिकारिणी है।

(वृ) यदुक्तं बृहन्नीतौ –

जैसा कि बृहन्नीति में कहा गया है –

पइ मरणे तब्भज्जा दव्वस्साहि वा भवणेणूणं।
पुत्तस्स य सब्भावे तहय अहावेवि विसाविहवा।।१।।

पति की मृत्यु के पश्चात् उसकी पत्नी धन की स्वामिनी होती है। परन्तु पुत्र के रहने पर या प्रतिकूल आचरण करने पर इसके विपरीत होता है।

जइ सा होइ सुसीला गुणढावस्स रायकरणिज्जे।
विक्कय दाणादियं कुज्जा न हु कोवि पडिवंहो।।२।।

यदि वह विधवा सुशील व गुणवती है तो राज्य कार्य से विक्रय एवं दान कर सकती है। कोई प्रतिबन्ध नहीं होता है।

(वृ०) ननु यः कन्यावाग्दानं कृत्वा पुनस्तामन्यत्र लोभवशेन दद्यात्तस्य कः प्रतीकारः इत्याह –

जो कन्या का वाग्दान (सगाई) करके पुनः उसे लालचवश दूसरे को दे देता है उसको क्या प्रतीकार दण्ड दिया जाय, यह कथन –

वाचा कन्यां प्रदत्वा चेत्पुनर्लोभेन तां हरेत्।
स दण्डच्यो भूभृता दद्याद्वरस्य तद्धनं व्यये।।१२६।।

यदि कोई मनुष्य कन्या का वाग्दान (विवाह निश्चित) कर पुनः (धन के) लोभ से उसको वापस ले ले तो वह राजा द्वारा दण्डनीय है और दण्ड की राशि व्यय के बदले वर को दे दे।

कन्यामृतौ व्ययं शोध्यं देयं पश्चाच्च तद्धनम्।
मातामहादिभिर्दत्तं तद्गृह्णन्ति सहोदराः।।१२७।।

वाग्दत्ता कन्या की मृत्यु हो जाने पर (परस्पर) व्यय की गणना कर वर की ओर निकलने वाला धन (वर द्वारा) देय है। मातामह (नाना) आदि द्वारा दिया गया धन उस (कन्या के) भाई ग्रहण करते हैं।

(वृ०) ननु जाते विभागे यदि कोऽप्यपलपति तन्निराकरणहेतूनाह–

(भाइयों में) विभाजन हो जाने पर यदि कोई धन छिपाता है तो उसके समाधान के हेतुओं का कथन –

निह्नुते कोऽपि चेज्जाते विभागे तस्य निर्णयः।
लेख्येन बन्धुलोकादिसाक्षिभिर्भिन्नकर्मभिः।।१२८।।

यदि कोइ धन छिपाता है तो विभाजन हो जाने पर उसका निर्णय लेखाकार, भाइयों और लोगों के साक्ष्य तथा अलग-अलग कार्यों से करना चाहिए।

अविभागे तु भ्रातृणां व्यवहार उदाहृतः।
एक एव विभागे तु सर्वः सञ्जायते पृथक्।।१२९।।

जब तक (सम्पत्ति का) विभाजन नहीं हुआ है तब तक भाइयों का व्यवहार एक (संयुक्त) ही रहेगा, विभाजन हो जाने पर सबका व्यवहार अलग हो जाता है।

(वृ०) ननु भ्रातृभिर्भ्रातृजाया कथं माननीयेत्याह –

भाइयों द्वारा भाई की स्त्री को किस रूप में मानना चाहिए, यह कथन –

भ्रातृवद्विधवा मान्या भ्रातृजाया सुबन्धुभिः।
तदिच्छया सुतस्तस्य स्थाप्यो भ्रातृपदे च तैः।।१३०।।

भाई की पत्नी के विधवा हो जाने पर उत्तम भाइयों द्वारा उसे भाई के समान आदर करना चाहिए और उसकी इच्छा से उसके पुत्र को भाई के स्थान पर स्थापित करना चाहिए।

(वृ०) अथाविभागीयधनमाह –

इसके पश्चात् जिस सम्पत्ति का विभाजन न हो उसके विषय में कथन –

यत्किञ्चिद्वस्तुजातं हि स्वरामाभूषणादिकम्।
यस्मै दत्तं पितृभ्यां च तत्तस्यैव सदा भवेत्।।१३१।।

कोई सम्पत्ति धन, उपवन, आभूषण आदि जो कुछ माता-पिता ने जिसको दिया है वह सदा उसका ही होगा।

अविनाश्य पितुर्द्रव्यं भ्रातृणामसहायतः।
हृतं कुलागतं द्रव्यं पित्रा नैव यदुद्धृतम्।।१३२।।

तदुद्धृत्य समानीतं लब्धं विद्याबलेन च।
प्राप्तं मित्राद्विवाहे वा तथा शौर्येण सेवया।।१३३।।

अर्जितं येन यत्किञ्चित्तत्तस्यैवाखिलं भवेत्।
तत्र भागहरा न स्युरन्ये केऽपि च भ्रातरः।।१३४।।

पिता के धन का विनाश न कर भाइयों की बिना सहायता के जिस धन का कुल परम्परा से (दूसरों द्वारा) हरण कर लिया गया है, जिसका पिता द्वारा भी उद्धार

नहीं हो सका उसका उद्धार कर लाया हुआ धन, विद्या बल से प्राप्त किया हुआ, मित्र से प्राप्त अथवा विवाह में तथा शौर्य अथवा सेवा से प्राप्त किया हुआ जिस किसी द्वारा भी अर्जित किया गया है सब धन उसका ही होता है। कोई भी अन्य भाई उसमें हिस्सेदार नहीं होते।

(वृ०) अथाविभाज्यस्त्रीधनमाह –

इसके पश्चात् विभाजित न की जाने वाली स्त्री की सम्पत्ति के विषय में कथन –

विवाहकाले वा पश्चात् पित्रा मात्रा च बन्धुभिः।
पितृव्यैश्च बृहच्छ्वश्रा पितृस्वस्रा तथा परैः।।१३५।।

मातृस्वस्रादिभिर्दत्तं तथैव पतिनाऽपि यत्।
भूषणांशुकपात्रादि तत्सर्वं स्त्रीधनं भवेत्।।१३६।।

विवाह के समय अथवा बाद में पिता, माता, भाई , चाचा, बड़ी सास, फूफी तथा अन्य मौसी आदि द्वारा प्रदत्त तथा पति के द्वारा भी जो आभूषण, वस्त्रादि दिया गया है वह सब धन स्त्री का हो।

(वृ०) तदनेकविधमपि समासतः पञ्चविधं तथाहि –

वह स्त्री-सम्पत्ति अनेक प्रकार की होते हुए भी संक्षेप में पाँच प्रकार की है, जैसे –

विवाहे यच्च पितृभ्यां धनमाभूषादिकम्।
विप्राग्निसाक्षिकं दत्तं तदध्यग्निकृतं भवेत्।।१३७।।

विवाह के समय माता-पिता द्वारा ब्राह्मण तथा अग्नि को साक्षी कर जो धन-आभूषण आदि दिया गया है वह 'अध्यग्निकृत' स्त्रीधन होता है।

पुनः पितृगृहाद्वध्वानीतं यद्भूषणादिकम्।
बन्धुभ्रातृसमक्षं स्यादध्याह्वनिकं च तत्।।१३८।।

पुनः पिता के घर से वधू द्वारा जो आभूषण आदि स्वजनों एवं भाइयों के समक्ष लाया गया हो वह अध्याह्वनिक स्त्रीधन होता है।

प्रीत्या स्नुषायै यद्दत्तं श्वश्वा श्वशुरेण च।
मुखेक्षणांघ्रिनमने तद्धनं प्रीतिजं भवेत्।।१३९।।

पुत्रवधू को सास और श्वसुर द्वारा जो धन मुख देखने और चरण स्पर्श करने पर प्रीतिपूर्वक दिया जाता है वह 'प्रीतिज' स्त्रीधन कहा जाता है।

पुनर्भ्रातुः सकाशाद्यत्प्राप्तं पितृगृहात्तथा।
ऊढाया स्वर्णरत्नादि तत्स्यादौदयिकं धनम्।।१४०।।

पुनः भाई के पास से तथा पितृगृह से प्राप्त विवाहिता का स्वर्णरत्नादि धन औदयिक स्त्रीधन हो।

परिक्रमणकाले यद्दत्तं रत्नांशुकादिकम्।
जायापतिकुलस्त्रीभिस्तदन्वाधेयमुच्यते ।।१४१।।

विवाह के समय फेरे लेते हुए जो रत्न, रेशमी वस्त्रादि दम्पतियों और परिवार की स्त्रियों द्वारा विवाहिता को दिया जाता है वह अन्वाधेय धन कहा जाता है।

एतत्स्त्रीधनामादातुं न शक्तः कोऽपि सर्वथा।
भागानर्हं यतः प्रोक्तं सर्वैर्नीतिविशारदैः।।१४२।।

इस (उपरोक्त पाँच प्रकार के) स्त्री धन को लेने का कोई भी अधिकारी नहीं है। सभी नीतिशास्त्रकारों ने इस धन को विभाजन के अनुपयुक्त कहा है।

धारणार्थमलङ्कारो भर्त्रा दत्तो न केनचित्।
ग्राह्यः पतिमृतौ सोऽपि व्रजेत्स्त्रीधनतां यतः।।१४३।।

यदि पति द्वारा अलङ्कार धारण करने के लिए दिया गया है तो कोई उसे ग्रहण नहीं कर सकता। पति की मृत्यु हो जाने पर उसे भी छोड़ देना चाहिए क्योंकि वह (आभूषण) स्त्रीधन हो जाता है।

(वृ०) ननु स्त्रीधनमपि भर्त्रा कदाचित् गृहीतुं शक्यते न वेत्याह –

स्त्री-सम्पत्ति को भी पति कभी ग्रहण कर सकने में समर्थ है अथवा नहीं, यह बताया–

व्याधौ धर्मे च दुर्भिक्षे विपत्तौ प्रतिरोधके।
भर्तानन्यगतिः स्त्रीस्वं लात्वा दातुं न चार्हति।।१४४।।

गम्भीर रोग, धर्मकार्य, दुर्भिक्ष, विपत्ति और कैद में होने पर कोई विकल्प न हो तो स्त्रीधन लेकर पति वापस न करे।

(वृ०) अथ देशाचारादिवैपरीत्ये कस्य बलाबलत्वं तदाह –

इसके पश्चात् देश के रीति-रिवाज के विरुद्ध होने पर किसका तुलनात्मक महत्त्व या महत्त्वशून्यता है, यह बताया –

सम्भवेदत्र वैचित्र्यं देशाचारादिभेदतः।
यत्र यस्य प्रधानत्वं तत्र सो बलवत्तरः।।१४५।।

देश (विशेष) के आचार आदि के भेद से न्याय में भिन्नता सम्भव है। जहाँ देश में जिस व्यवहार की प्रधानता है वहाँ वह (नियम) अधिक शक्ति- शाली है।

(वृ०) अथोपसंहारमाह –

इसके पश्चात् व्यवहार प्रकरण का उपसंहार प्ररूपण –

इत्येवं वर्णितस्त्वत्र दायभागः समासतः।
यथाश्रुतं विशेषश्च ज्ञेयोऽर्हन्नीतिशास्त्रतः।।१४६।।

इस प्रकार यहाँ संक्षेप में दायभाग वर्णित किया गया। विशेष जानने की उत्सुकता हो तो बृहद् अर्हन्नीति शास्त्र से जानना चाहिए।

।। दायभागप्रकरणं सम्पूर्णम्।।

—o—

तृतीय अधिकार

३.६

सीमाविवादप्रकरणम्

योगीन्द्रं सच्चिदानन्दं स्वभावध्वस्तकल्मषम्।
प्रणिपत्य पुष्पदन्तं सीमानिर्णय उच्यते।।१।।

योगियों के स्वामी, सत्, चित् और आनन्द स्वरूप, नष्ट पाप वाले (तीर्थङ्कर) पुष्पदन्त का वन्दन कर सीमा-निर्णय प्रकरण का कथन किया जाता है।

(वृ०) पूर्वप्रकरणे दायभागो निरूपितः। तस्मिन् जाते भ्रातृणां सीमाविवादः स्यात्। अतस्तन्निर्णय उच्यते –

पूर्वप्रकरण में दायभाग का निरूपण किया गया। दायभाग के कारण भाइयों में सीमा-विवाद होता है अतः उसके निर्णय के विषय में कहा जाता है –

तत्र सीमा भवेद्भूमिमर्यादा सा त्वनेकधा।
ग्रामक्षेत्रगृहारामनीवृत्प्रभृतिभेदतः ।।२।।

भूमि की मर्यादा सीमा होती है, वह ग्राम, क्षेत्र, गृह, उपवन, राज्य आदि भेद से अनेक प्रकार की (होती है)।

(वृ०) पुनः सा प्रत्येकं पञ्चधा –

पुनः वह प्रत्येक (भूमि-सीमा) पाँच प्रकार की है –

पिछिला मिथिला राजलता स्याद्भामिनी तथा।
कासिका चेति भूसीमा पञ्चधा क्लेशनाशिनी।।३।।

दुःख का नाश करने वाली भूमि की सीमा – पिछिला, मिथिला, राजलता, भामिनी तथा कासिका – इस प्रकार पाँच प्रकार की होती है।

(वृ०) तत्र पिछिला नदीसरोवरादिजलाशयलक्षिता।

नदी, तालाबादि जलाशय चिह्नित।

मिथिला वृक्षादिचिह्निता।

मिथिला – वृक्ष आदि से चिह्नित।

राजलता वादिप्रतिवादिभ्यां मिथः स्वीकारस्थापिता।

राजलता – पक्ष-विपक्ष द्वारा परस्पर स्वीकार कर निर्धारित की गई।

भामिनी मृत्यपाषाणद्युच्चयसूचिता।

भामिनी – मिट्टी, पाषाण आदि के ढेर से सूचित।

कासिका चिह्नासत्त्वे भूपेनात्ममनीषिकया कल्पिता।

कासिका – चिह्न के अभाव में राजा आदि द्वारा अपनी बुद्धि से निर्धारित काल्पनिक सीमा।

इति पञ्चधा

इस प्रकार यह पाँच प्रकार की होती है।

अत्र विवादः षड्विधस्तथा,

और सीमा-विवाद छः प्रकार का है,

विवादोऽत्र भवेत् षोढा नास्ति चास्त्युभयं च वै।
न्यूनताधिकता चैव भुक्तिराभोगतस्तथा।।४।।

इस (सीमा मर्यादा) में विवाद छः प्रकार का होता है – १. अस्ति, २. नास्ति, ३. उभय (अस्ति-नास्ति), ४. न्यूनता, ५. अधिकता और (६) आभोग भुक्ति।

(वृ०) तद्यथा–

जो इस प्रकार है –

वादिनेयं भूमिर्मदीयास्ति इत्युक्ते प्रत्यर्थी वदतस्य जनकस्यापि किं भूरभूदित्यस्तिवादः।

वादी द्वारा यह भूमि मेरी है यह कहने पर प्रतिवादी का यह कहना कि क्या यह भूमि इसके पिता की भी थी – यह अस्तिवाद है।

अत्र भुवि पञ्चग्रन्थिमितो मदीयो अंशोऽस्त्युक्तेऽस्यैकोऽप्यंशो नास्तीति नास्तित्ववादः।

वादी द्वारा यह कहे जाने पर कि इस भूमि में पाँच रस्सी की गाँठ बराबर भूमि मेरी है (वादी द्वारा यह कहा जाना कि) एक भी भाग इसका नहीं है यह नास्तित्ववाद है।

इदं क्षेत्रं सर्वं मदीयमित्युक्ते अन्यो जल्पते अर्द्धं ममेत्युभयवादः।

वादी द्वारा 'यह सब क्षेत्र मेरा है' यह कहने पर अन्य (प्रतिवादी) का यह कहना 'आधा मेरा है' यह उभयवाद है।

एतत्क्षेत्रं मम बहुवर्षेभ्योऽष्टरज्जुमितमस्तीत्युक्ते परः प्रत्यवतिष्ठते नाष्टरज्जुमितमस्तीति न्यूनतासंवादः।

वादी द्वारा 'यह मेरा क्षेत्र बहुत वर्षों से आठ रज्जु माप का है' यह कहने पर अन्य (प्रतिवादी) का यह प्रतिवाद करना कि आठ रज्जु माप का नहीं है न्यूनतासंवाद है।

तत्रैव केनचिदुक्तमधिकं वर्तते इत्यधिकसंवादः।

उसी में कोई यह कहे कि अधिक है तो अधिकसंवाद है।

मदीयेयं भूमिः प्राचीनभोगसत्वेनेदानीमपि भुज्यत इत्युक्ते प्रति- वादिनोक्तं नास्य भोगः प्राचीन इत्याभोगभुक्तिविवादः।

वादी द्वारा यह कहने पर कि यह भूमि मेरी है प्राचीन काल से स्वामित्व होने से इस समय भी स्वामित्व है प्रतिवादी का यह प्रतिवाद करना कि इसका स्वामित्व प्राचीन काल से नहीं है – यह आभोग भुक्ति विवाद है।

एष्वन्यतमविवादेन विवदमानयोरर्थिप्रत्यर्थिनोर्निर्णयार्थं स्थेयमु- पस्थितयोस्तन्निर्णयं कर्तुकामेन स्थेयेन पूर्वं निर्मलकाले विवादास्पदभूमिं दृष्ट्वा तन्निकटवर्तिसाक्षिणः समाहूय प्रष्टव्याः तद्वाचा निर्णयं विधाय तत्र चिह्नं कार्यं यथा पुनः कलहो न प्रसज्येत् तथाहि –

उपर्युक्त विवादों में से प्रत्येक विवाद के वादी-प्रतिवादी के निर्णय के लिए निर्णायकों की उपस्थिति में निर्णय कर वहाँ चिह्न करना चाहिए जिससे पुनः कलह उत्पन्न न हो, क्योंकि –

सीमावादे समुत्पन्ने राजकर्माधिकारिणः।
विवादास्पदस्थाने हि गत्वा काले च निर्मले।।५।।

चिह्नं निर्णयकृत्तत्र द्रष्टव्यं प्राक्तनं भृशम्।
तदभावे च तत्रत्यान् पार्श्वस्थानपि साक्षिणः।।६।।

प्राचीनमन्त्रिणो वृद्धान् गोपालांश्च कृषीवलान्।
नियोगिनश्च[1] सामन्तान् ग्रामीणान् वनवासिनः।।७।।

प्रातिवेश्मिकतापन्नान् सत्यधर्मपरायणान्।
आहूय शपथं धर्म्यं दत्वा वृत्तं च प्राक्तनम्।।८।।

---

१. वियोगिनश्च भ १, भ २, प १, प २।।

पृष्ट्वा तद्वचसा कृत्वा सीमासंवादनिर्णयम्।
चिह्नं तत्र तथा कार्यं यथा स्यान्न पुनः कलिः।।९।।

सीमा (सम्बन्धी) विवाद उत्पन्न होने पर राज्यकर्माधिकारियों को निर्मलकाल (वर्षा ऋतु व्यतीत) होने पर विवादित भूमि पर जाकर पूर्व निर्धारित चिह्न को भली प्रकार देखना चाहिए। उन चिह्नों के अभाव में साक्षी रूप में उस (भूमि) के समीप स्थित प्राचीन मन्त्रियों, वृद्धों, ग्वालों, किसानों, नियुक्त अधिकारियों, सामन्तों, ग्रामीणों, वनवासियों और सत्यधर्मनिष्ठ पड़ोसियों को बुलाकर धर्म की शपथ दिलाकर वृत्तान्त पूछना चाहिए। पूछकर उनके कथन के आधार पर सीमाविवाद का निर्णय कर ऐसा चिह्न बनाना चाहिए जिससे पुनः कलह न हो।

(वृ०) काले च निर्मले इति यस्मिन् काले जलपुरादिव्याघताभावेन चिह्नं स्फुटतया ज्ञातुं शक्यते स एव निर्मलो ज्ञेयः।

मूल श्लोक में 'काले च निर्मले' अर्थात् निर्मल काल के उल्लेख से जानना चाहिए कि जिस काल में जल, नगर आदि की बाधा के अभाव में चिह्न को स्पष्ट रूप से जाना जा सकता है वही निर्मल का अभिप्राय जानना चाहिए।

केन चिह्नं कार्यमित्याह –

(अधिकारियों को) किस वस्तु से (सीमा-निर्धारण का) चिह्न करना चाहिए, इसका कथन –

सेतुना च तडागेन देवतायतनेन च।
पाषाणैः सरसा वाप्यावटेनापःश्रवेण वा।।१०।।

माकन्दपिचुमन्दैश्च किंशुकाश्वत्थवेणुभिः।
न्यग्रोधशाल्मलीशालशमीतालैश्च शाखिभिः।।११।।

राज्याधिकारिणा कार्यं तत्सीमास्थलमङ्कितम्।
विपर्ययो यथा नृणां सीमाज्ञाने न सम्भवेत्।।१२।।

राज्याधिकारियों द्वारा (भूमि के पास स्थित) पुल, तालाब, मन्दिर, पत्थर, सरोवर, वापी, खड्ड एवं जलप्रवाह से अथवा आम, नीम, किंशुक, पीपल, बाँस, बरगद, शाल्मली, शाल, शमी और ताल वृक्षों से उस सीमास्थल को चिह्नित करना चाहिए जिससे लोगों में सीमा-ज्ञान के विषय में भ्रम न हो।

सीमासन्धिषु गर्तासु करीषाङ्गारशर्कराः।
वालुकाश्च नृपः क्षिप्त्वा गुप्तचिह्नानि कारयेत्।।१३।।

(क्षेत्र) सीमाओं के मिलने के स्थान पर गड्ढों में उपले, अङ्गारे, बजरी, बालू आदि रखकर राजा गुप्त चिह्न करवाये।

साक्ष्यभावे महीपालः स्थापयेद् द्वौमिथस्तयोः।
यो रक्तवासा निर्याति यावता तावतावधिः।।१४।।

नृपस्तत्रैव सीमाया लिङ्गानि कारयेद्द्रुतम्।
प्लक्षनिम्बादिवृक्षैश्च ग्रावाद्युपचितस्थलैः।।१५।।

(सीमा विवाद की स्थिति में) साक्षी न होने पर राजा उन दोनों वादियों-प्रतिवादियों में परस्पर यह निश्चय करे कि जो रक्त वस्त्र धारण कर निकले और जितनी (भूमि अपनी बताये) उतनी सीमा तक राजा वहीं शीघ्र सीमा का चिह्न करवाये, प्लक्ष (बरगद अथवा गूलर) नीम आदि वृक्षों और प्रस्तर आदि से चिह्नित स्थल से (सीमा निर्धारित करवाये)।

(वृ०) यदि साक्षिणो न स्युस्तदा किं कार्यमित्याह –

यदि साक्षी न हों तब क्या करना चाहिए –

निर्यातौ नोभयौ चेत्तत्समन्ताद्ग्रामभूमिपाः।
चत्वारोऽष्टौ दश स्थाप्याः सीमानिर्णयकर्मणि।।१६।।

तेऽपि रक्तांशुकं धार्य निष्क्रामन्ति यतस्ततः।
सीमावधिं विनिश्चित्य चिह्नानि कारयेन्नृपः।।१७।।

यदि वे दोनों (रक्त वस्त्र धारण कर) नहीं निकलते हैं तो निकटस्थ चार स्वामियों को चार, आठ और दस की संख्या में सीमा-निर्णय के कार्य में लगाना चाहिए। वे (नियुक्त) निर्णायक भी रक्त वस्त्र धारण कर निकलते हैं और जो (भी सीमा बतायें) उसे सीमा निश्चित कर राजा चिह्न करवाये।

(वृ०) यदि तयोर्मध्ये नैकोऽपि निष्क्रान्तस्तदा किं कार्यमित्याह–

यदि दोनों (वादी और प्रतिवादी) के मध्य एक भी न निकला हो तब क्या करना चाहिए, इसका कथन –

